सरकार कोआपरेटिव की बात कहती है। कोआपरेटिव का काम बहुत जमाने से अच्छा नहीं रहा है और कोआपरेटिव के बारे में लोगों की उदासीनता रही है। अगर कोआपरेटिव में गति आ जाए और सेन्ट्रल गवर्नमेंट इसके लिए कोई इनेक्टमेंट कर दे जोकि सारे देश के लिए हो और केन्द्रीय सरकार इसकी देखभाल करे, तब तो मैं कहूंगा कि कोआपरेटिव को चलाइए, लेकिन जितनी उसकी आवश्यकताएं होती हैं उतना रुपया रिजर्व बैंक से उसको नहीं मिलता है। इसलिए मेरा कहना यह है कि आप गांवों में रूरल बैंक जल्दी खोलिए। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बैंकों का जो दायरा 8 मील या 8 किलोमीटर तक कर्जा देने का है, इसको आप बढ़ाइए। एक सवाल के जवाब में या कहीं और यह बताया गया था कि बैंकों के लिए स्टाफ़ नहीं है, इसलिए बैंक कर्जा देने से लाचार हैं। इसके लिए मैं यह कहना चाहता हूं कि आप स्टाफ बढाइए। स्टाफ़ न बढ़ाने की वजह से आप किसानों को तकलीफ़ में रखें, यह उचित नहीं है।

चम्पारन जिले में और सारन में तथा उत्तर प्रदेश में जो गंडक प्रोजेक्ट की स्कीम है, वह बहुत उपयोगी स्कीम है और मैं आपको अपने गांव की बात बताता हूं कि हमको इससे काफ़ी लाभ हुआ है लेकिन इस स्कीम को पूरी तरह से लागू करने में कितने वर्ष लगेंगे। 20 वर्ष तो हो चुके हैं और यह

[श्री विभूति मिश्र]

सरकार इन्फ्लेशन को रोकने के लिए छापे मारती है और स्मगलर्स को पकड़ती है। ये सारे काम तो इसने ठीक किये हैं लेकिन मैं कहता हूं कि इस सरकार ने जो इस स्कीम को चलाया था और इस स्कीम पर करोड़ों और अरबों रुपया लगाया—मैं समझता हूं कि 1 अरब 30 या 35 करोड़ रुपया मंडक के ऊपर लगा है— और इतना पैसा समाज का इसमें इन्वेस्ट कर दिया लेकिन उसके पूरा न होने से जितना फ़ायदा होना चाहिए था, वह नहीं निकला। इस तरह से सरकार ने खुद इन्फ्लेशन किया और इसके लिए आपको सजा कौन करेगा। अगर कोई गलती करता है उसको आप धरपकड करते हैं और जेल भेज देते हैं लेकिन जिस स्कीम को आपने अपने हाथ में लिया था और समय पर उसको पूरा नहीं किया और इतना सारा रुपया इन्फ्लेशन में चला गया, उसके लिए कौन आपको सजा देगा। इसलिए मैं यह कहूंगा कि इसका कोई निश्चित प्रोग्राम हो।

एक बात यह भी है कि सारा रुपया केन्द्रीय सरकार स्टेट गवर्नमेंट को दे देती है, तो उनके ऊपर केन्द्रीय सरकार का भी नियंत्रण होना चाहिए। मैं फिर आपसे यह कहूंगा कि समय रहते मंडक प्रोजेक्ट का काम पूरा हो जाना चाहिए।

आगे मुझे यह कहना है कि मंडक प्रोजेक्ट से भी कुछ नुकसान हो रहा है। एक तो यह है कि सीपेज होता है और दूसरा यह है कि वाटर लागिंग हो जाता है जिसकी वजह से किसान तबाह हो जाते हैं और नीचे वाली जमीन में कोई फसल नहीं होती है। आपको इसके लिए कुछ करना चाहिए। आप तो यह कह देंगे कि स्टेट गवर्नमेंट को पैसा दे दिया है लेकिन ऐसा कह देने से ही जान नहीं छूटती। खाना खिलाने की जवाबदेही आप की है, इसलिए चाहे आप स्टेट की सरकार को पैसा दें, इस तरफ भी आपको ध्यान देना चाहिए।

प्लानिंग के बारे में मुझे यह कहना है कि जमीन की जो प्लानिंग की जाती है, वह कुछ ठीक नहीं है। हरिजनों को जो आप जमीन देते हैं वह इतनी तो दीजिए कि वायएबिल यूनिट हो। दो, ढाई एकड़ जमीन आप उनको दीजिए ताकि वे जिन्दा रह सकें। आधे एकड में वे क्या पैदा करेंगे और क्या पैदा नहीं करेंगे। इसलिए खेती की जो आप जमीन दें, वह वायएबिल यूनिट हो और उस जमीन पर रह कर आदमी अपना गुजारा कर सकें। हमारे यहां सत्यनारायण की कथा होती है और उसमें सबको थोडा-थोड़ा तुलसी-दल बांट देते हैं। वह तो ठीक है लेकिन लोगों को थोडी-थोड़ी जमीन बांटने का कोई फ़ायदा नहीं है और उसका उपयोग नहीं हो सकता है। इतनी जमीन होनी चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा पैदावार उस पर हो सके। किदवई साहब कहते थे कि मैं इतना जमीन देना चाहता हूं कि उस पर ज्यादा से ज्यादा पैदावार हो फिर चाहे वह बाबू को मिले, धनिक के पास हो या गरीब के पास हो। जमीन उसी को देनी चाहिए जो ज्यादा पैदावार दे सके और जो ज्यादा पैदावार न दे सके, उस को जमीन देने की जरूरत नहीं है।

मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को ड्रेनेज का भी कुछ प्रबन्ध करना चाहिये। बाढ़े जब आती हैं तो बहुत सी जमीन बह जाती है। हमारे उत्तर बिहार में काफी बाढें आती हैं और बहुत ज्यादा नुक्सानी होती है, क्षति होती है। कृषि का नुक्सान बहुत ज्यादा होता है। केन्द्रीय सरकार को इस नुक्सानी की वजह से मदद भी काफी देनी पड़ती है, पैसा भी काफी देना पड़ता है। लोगों को दिक्कत तो होती है सरकार को भी काफी

दिक्कत का सामना करना पड़ता है । इस वास्ते इस ओर आपका विशेष ध्यान जाना चाहिये ।

अन्त में मैं कहूंगा कि बैकवर्ड एरियाज जो हैं उन की ओर आपका विशेष ध्यान जाना चाहिये । हम लोग बैकवर्ड एरिया के रहने वाले हैं। वहां कोई रेल नहीं है। यातायात के दूसरे साधन नहीं हैं । नतीजा यह है कि न प्राइवेट सैक्टर वाला कोई वहां कारखाना स्थापित करने को तैयार होता है और न पब्लिक सैक्टर वाला । इन सब कारणों से हमारे यहां के लोगों को कोई रोजगार नहीं मिलता है । इस वास्ते मैं कहूंगा कि सरकार बैकवर्ड एरियाज की ओर विशेष ध्यान दे ।

इतना कहकर मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

SHRI P. GANGADEB (Angul). Mr. Deputy Speaker, I welcome the initiative of the Finance minister in breaking away from the traditional past and introducing a Budget calculated to impart, for the first time, after so many years a dynamism to the economy, by accelerating growth process both in industry and agriculture. Happily, the Finance Minister has accepted the fundamental principle that high-tax rate is self-defeating and more revenue can be mobilised with reduced rate of taxation Mr Deputy Speaker, the budget proposals are realistic. They have recognised the adverse impact of inflation on capital formation. There can be few who can dispute the introduction of the investment allowance and the withdrawal of restrictions on dividends, which gives fillip to the growth process. I welcome the direct stimulus to production of selected commodities which has been provided in the form of a new scheme of excise duty relief equal to 25 per cent of duty, payable on goods produced in excess of production.

I would have been more happy if the Budget had given some relief to lower and middle income groups. Although it is reported that wholesale prices have come down and the cost of living has fallen, it does not appear to be so. This is chiefly because the fall in the wholesale prices is not reflected in the retail price index. Naturally, there is no relief to the lower and middle income groups. In this context, I would have welcomed the rise in the tax-free slab from Rs. 8,000 to Rs. 10,000. do not think that this would cost the exchequer a good lot. I would like the hon. Minister to ponder over what I have suggested.

In this Budget, there is not enough impetus for supporting export promotion efforts. I do not understand why the Budget could not have provided some further relief to make export promotion measures more successful.

To sum up, I may say:

First, the financial impact of the Budget on prices is negligible to some extent.

Secondly, the changes in the excise duties are small And, as against these disadvantages, there are a number of welcome measures which make the position of the corporate sector for mobilisation of long-term capital better. Mr. Deputy-Speaker, Sir, this is the first of its kind since independence that this type of a budget has been placed and I do hope that this will be followed up by realistic and growth-oriented budgets in the years which are to follow.

श्री बी० आर० शुक्ल (बहराइच) : उपाध्यक्ष जी, वित्त विधेयक का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं और अपना समर्थन देता हूं । इस वर्ष बजट का और वित्त विधेयक का स्वागत व्यापक रूप से सम्पूर्ण देश में हुआ है । इसका मुख्य कारण यह है कि अबकि बार कर सख्ती के साथ नहीं लगाए गए । इसलिए मध्यम वर्ग और बड़े बड़े पूंजीपति जो व्यापार और उद्योग में लगे

[श्री बी० आर० शुक्ल]

हुए हैं, वे लोग बहुत प्रसन्न हैं। यहां तक की श्री पालकीवाला, जो फोरम आफ फी एण्टरप्राइजेज के समर्थक हैं और जो सम्पत्ति के मौलिक अधिकार में विश्वास रखते हैं उन्होंने एक पुस्तिका लिखी हैं, जिसमें बजट की उन्होंने बड़ी प्रशंसा की हैं। लेकिन जब पूंजीपतियों के समर्थक बजट का समर्थन करने लगें तो जो लोग समाजवादी व्यवस्था में विश्वास रखते हैं, जो गरीबों का उत्थान देखना चाहते हैं , जो समझते हैं कि देश में समता आएगी, उन लोगों को कुछ सन्देह होने लगता है कि हमारे विरोधी, जो सदैव से हमारी व्यवस्था का विरोध करते रहे हैं, वह आज इस बजट के प्रस्तावों से क्यों प्रसन्न हैं।

बहरहाल गवर्नमेंट की नीति और दृष्टिकोण यह रहा है कि अगर टैक्स की राशि कम कर दी जाए, तो लोग अधिक ईमानदारी से टैक्स की अदायगी करेंगे, लोगों को प्रोत्साहन होगा कि वह धन लगाएं और धन कमाएं, उनको एक इन्सैंटिव मिलेगा। क्योंकि जो व्यवस्था हमने इस देश में अपनायी है, वह एक मिश्रित व्यवस्था है, जिसमें पूंजीपति भी पले, मजदूर भी पले धनी भी रहे। तो यह एक तरह की व्यवस्था है। अगर इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो बजट बहुत ही अच्छा है।

लेकिन देश में आर्थिक आधार कृषि है। जैसा कि माननीय पाई साहब ने अपने व्याख्यान में कहा कि एग्रीकल्चर इस देश का सबसे बड़ी उद्योग है, सबसे बड़ी इंडस्ट्री है। इसलिए अगर कृषि में काफी उन्नति नहीं हुई, अगर लाखों और करोड़ों की संख्या में जो लोग खेतीहर मजदूर की शक्ल में या काश्तकार की शक्ल में खेती के उद्योग में लगे हुए हैं , अगर उनकी आर्थिक दशा में कोई नुमाया सुधार नहीं हुआ, उनकी कोई आर्थिक प्रगति नहीं हुई तो देश की सारी अर्थ व्यवस्था टिकाऊ नहीं हो सकती। इस दृष्टिकोण से हमें देखना है कि इस बजट का खेतिहर पर कैसा असर पड रहा हैं।

खेती में उन्नति हुई है, गवर्नमट ने अच्छे अच्छे वैज्ञानिक ढंग निकाले हैं। नई खाद, रासायनिक , ट्रेक्टर, पानी और बिजली की सुविधा दी है। प्रकृति भी बहुत ही उदार रही है, जिसके कारण हमारे देश में खाद्यान्न बहुत ही प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो सके हैं। लेकिन उनके भाव गिर गए हैं। हमें उनके भाव गिरने से कोई चिन्ता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह तो एक रिलेटिव टर्म है कि इसके भाव कम हैं या ज्यादा हैं। हमें खेती से पैदा हुए अन्न के दामो को एक बडी भूमिका के अन्तर्गत देखना चाहिए—हमें यह देखना चाहिए कि उन की तुलना में दूसरी चीजों के भाव क्या हैं। अगर आप बाजार में बच्चों के डबल रोटी , मिठाई या पौष्टिक आहार या दूध, मक्खन और अड़े खरीदने के लिए जाएं, तो आप देखेंगे कि उन के भाव खेती की पैदावार के भावों के अनुपात से नहीं गिरे हैं। आज चाय और काफी चन्द आदमियों की लक्सरी नहीं है, बल्कि सर्वसाधारण उन को लेते हैं। उन के दामों में कमी नहीं हुई है। इसी प्रकार ब्लेड्ज के दाम भी नहीं गिरे हैं। आज स्थिति यह है कि जितनी उपभोक्ता वस्तुएं कारखानों में बनती हैं, उनके दामों में गिरावट उस अनुपात में नहीं हुई है, जिस अनुपात में खेती की पैदावार के दाम घटे हैं।

आखिर इस आमदनी का विधान क्या हो सकता है ? यह तो नहीं हो सकता है कि खेती की पैदावार का मूल्य तो निर्धारित कर दिया जाए— गेहूं का दाम 105 रुपए प्रति क्विंटल और धान का दाम 74.75 रुपए प्रति क्विंटल मुकर्रर कर दिया जाए, और अन्य चीजों के दामों के बारे में कोई पग न उठाया जाए। आवश्यकता इस बात की कि खेती में जो सामान लगाए जाते हैं, उनके दामों में गिरावट कैसे लाई जाए। जस दिशा में आवश्य कदम उठाए जायें।

अगर हम कारों और रेफ्रिजरेटरों के दाम कम कर सकते हैं, जो भोग, लक्सरी की वस्तुएं है, तो कोई वजह नहीं है कि जो चीजें खेती की प्रगति के लिए आवश्यक हैं, उन के दामो में कमी न की जा सके। मेरे मित्र ने कहा है कि ट्रेक्टरों के दामों में कुछ कमी की घोषणा की गई है। मैं उसका स्वागत करता हू।

आज हमारे देश में लाखों करोड़ों की सख्या में जो लोग बेकार है, उनके लिए इस बजट में कोई स्कीम नहीं रखी गई है। यह सही है कि अगर देश में सर्व व्यापक आर्थिक उन्नति होगी, तो उसके कारण बेकार लोगों को रोजगार मिलेगा। लेकिन उन के लिए कोई विशेष योजना नही बनाई गई है, जैसे कि 1971 में ग्रामीण रोजगार देने के लिए एक योजना बनाई गई थी और उसके लिए काफी धनराशि की व्यवस्था की गई थी। अगर आप उस स्कीम के तहत हुए काम को देखेंगे, तो आप को पता चलेगा कि अगर किसी सड़क पर मिट्टी डाली गई तो कुछ समय बाद वह मिटी बह गई और अगर कही ईंटें खरीदी गई तो लोग उन को चुरा कर ले गए और आज उन का कोई नामोनिशान नही है। उस साल लगाया गया सारा रुपया बर्बाद हो गया है।

मैं पुनः यह निवेदन करूंगा कि करोडों की संख्या में बेरोजगारों की जो सेना बढती चली जा रही है, उस की तरफ सरकार की नजर जानी चाहिए। झुंड के झुंड लोग बी० ए०, एम० ए० पास किए हुए, सांईस ग्रेजुऐटस, टेकनालोजी की शिक्षा प्राप्त किए हुए बेकार घूम रहे हैं, उनके लिए कोई काम धधा नही है, जिससे उन का मनोबल और उत्साह गिर गया है। उन लोगों को रोजगार देने और कर्ज के रुप में सहायता देने की व्यवस्था करनी चाहिए। पहले गवर्नमेंट ने यह एलान किया था कि इंजीनियर्स और ग्रेजुएट्स को रोजगार देने के लिए उन को बैंकों के द्वारा वित्तीय सहायता दी जाएगी। लेकिन केवल यह कहना ही काफी नही है, बल्कि इस का कार्यान्वयन होना चाहिए। यह भी कहा गया था कि पैट्रोल पम्प देने के सम्बन्ध में बेरोजगार ग्रेजुएट्स को वरीयता और प्राथमिकता दी जाएगी। मैं चाहता हू कि उस स्कीम पर तेजी के साथ और मुस्तैदी के साथ अमल किया जाए, जिससे इस पूरे वर्ग का लाभ हो सके।

SHRI B. V. NAIK (Kanara): Hon'ble Deputy Speaker, Sir, the initiator of the dabate on behalf of our party, Shri N. K. P. Salve, concluded by saying that the Finance Bill should aim at both social justice and economic growth and that both should grow but not at the cost of each other. But facts of life as they are somehow seem to indicate to the contrary. Therefore, while I would very much wish his pragmatic as well as commonsense approach to our Finance Bill that social justice and economic growth should both be achieved simultaneously,

[Shri B. V. Naik]

wherever this proposition is not implementable, I think, Sir, social justice should prevail. That is the *sine quanon* of all budgeting in a socialistic democratic country like ours. If economic growth has to be sacrificed for the sake of social justice, it must be done wherever it is possible. As an example I would like to show this if it is not unparliamentary. Here we have a cigarette packet—the commodity which is a hot favourite with all Finance Ministers—in such an elegant cellophane cover which must be going into it as a very major cost component which is however made good by the manufacturers. Sir, we are manufacturing one of the best cigarettes in the world, *viz.*, India King, a packet of which costs Rs. 10/-. Why I am trying to illustrate this is to compare this elegent luxury of the upper classes in our country with the poor school children who go into the primary schools in our villages with their dog-eared text-books badly printed and unable to give it a very clearcut covering with such an expensive material as is used here. Why should not a country like ours which can ill-afford this material for the covering of the text-books of these primary school students divert this material for the rightful purpose for which it is meant? I am not saying that you should deprive the somkers of their little pleasure but I want to say that it be substituted with permanent plastic covers or paper covers not covered by these things. This is a classic example where in the midst of scarcity there is this extravagance of an unimaginable dimension. I feel a correct perspective in regard to budgeting as well as the fiscal policies with which we are concerned now would take into consideration matter of fact common day to day experiences to give certain meaning and relevance to our Finance Bill.

When I say that, not for a moment do I want to underestimate the tremendous amount of good the present Finance Bill has done by giving incentives and also promoting growth in our economy. But if we go through the whole gamut of legislation which we have been having in plenty, reverting back to the speech of Shri B. R. Shukla, your legislation on the labour front, legislation on the social welfare front, legislation in the form of maternity benefits, legislation for coal workers, iron ore workers, manganese ore workers, bidi workers, all said and done, in the form of welfare of the working people, in the form of welfare of the less privileged ones too many to be counted, with all these I would ask what is the impact of this growth on the fundamental issue that is facing our country, the problem of unemployment? Figures given by our Labour Ministry show that year after year, the unemployment rosters in our none too efficient employment exchanges in this country are increasing by half a million every year. There are already 10 million people who have not got jobs. These people are being absorbed in our economy, according to the figures presented by Government, at the rate of half a million which means, in plain terms, a young man in his twenties will have to wait till his fifties, because in the meantime the crowd will have swollen; he will get a job if he waits in the queue; if he does not indulge in trying influence peddling through contacts, political and otherwise, he will get a job only then and be able perhaps to marry at the age of 55 or 60. He would be considered lucky if he could do that.

What is the impact of the growth that has taken place right from the time of independence on employment? The best way, the most practical way, in which we could render service and justice to the common people in our country, a poor family in our country, is to give a job to the son or the daughter of that poor family. We have not been able to fulfil this even after the five years we have been here if we have been we have been going in the negative direction. To that extent, until and unless we make financial policy attuned to the attainment of this object, we shall not have made progress.

Tax incentives have been given today, tax rebates have been given today in respect of any charity towards family planning. But can we not build up in our Finance Bill a proposal that the tax rebates or the tax concessions shall follow the number of new jobs that have been created in any industry, enterprise, trade or commerce or any other business undertaking? Not only that. Many of our present-day enterprises invariably impinge upon the existing traditional mores and forms of employment through displacement, through acquisition of land, through sophisticated production in place of the handicrafts and other industries that are native to the economy, through economies of scale where the large fish eat the small fish. Under the circumstances, till employment for our 10 million unemployed people is found, we cannot register any advance.

I would like to submit one more point. It is not employment *per se*. There is always existing an incipient under-employment, there is always existing an incipient partial employment or partial unemployment in large sectors of our agricultural and rural areas from time immemorial. The farmer is never busy for all the 12 months of the year. He is very busy during certain seasons, but absolutely off work during certain other seasons. What I am saying is that as for the new batch of young people who have come in our country, the products after 15 August 1947, the crop, who have been educated for 15 years and have acquired discipline, mental, intellectual and physical, for virtually two decades of their life, the moment they come into the open market, they feel that the meanest of the menial jobs are not available to them. What is the contribution of the system so that there are no cases of heart-breaking, so that those young persons who can contribute tremendously to our nation's economy, as much as the industrial magnates, are enabled to do so. I think that our budget and financial bills should be able to tackle this question not only through taxation but also by banning certain things I gave the illustration that fiscal improvements can be achieved through banning certain products.

I now come to the question of car prices, particularly Hindustan Motors and Ambassador. I wonder whether certain calculations on economies of scale are being done in the finance ministry. Now in preference to agricultural tractors, tax rebate has been given in respect of automobiles and passenger cars. Do we expect production of automobiles to pick up? Is it taxation and high prices of cars or is it the high price of fuel that acts as a deterrent against cars and a large number of taxis, leave aside passenger cars for individuals. I do not think that the impact of the lowering of car prices can be felt by stimulating stagnant production of passenger cars as long as we do not touch the price of motor spirit. We are told time and again that taxation on motor spirit is meant for the affluent sections of society.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have made that point, come to the next point.

SHRI B. V. NAIK: The ministry will come with some argument, unless you can rule it out with your authority. The question is: to whom is it applicable, to the productive section, hardworking section? To that extent there is a case for revision of motor spirit taxation, namely, reduction in the excise duty on motor spirit.

SHRI D. D. DESAI (Kaira): May I thank the hon. Minister for the bold budget that had been presented this year? Several features of the present budget are most admirable. It is true that the government had to take stock of earlier experiences and the pressure of economic condi-

[Shri D. D. Desai]

tions compelled certain action which resulted in the present boldness that was brought in.

14.58 hrs.

[SHRI ISHAQUE SAMBHALI *in the Chair*]

A little more boldness could have been shown and a little more advantage in taxation could have been possible, particularly in sectors which are expected to bear the burden of the economy. Out of nearly Rs. 50,000 crores of our national gross production, about fifty per cent comes from the agricultural sector.

We know that agricultural production and wealth is generated in about 70 per cent of our population. It is a fact which need not be stressed. When it is so, we should recognise that if they are incapacitated, production will suffer and unless production is available, deflation is practically impossible. Government could have easily taken the stand to further strengthen the economy which essentially rests on production and the available surpluses in the economy. If we have turned the corner this year, a greater part of the credit goes to the farmer. Some part of it does go to discipline and certain other measures taken by the government. If the farmers get lower prices for their agricultual produce and if they have to pay higher prices for their inputs, how long will they be able to continue to produce at the present rate? If shortages develop who is responsible for the victims of shortages and the inflationary spiral that shortages would generate? Would it not unnecessarily upset the economic calculations which our budget has made? A certain amount of lack of realism has crept into this particular feature. I would strongly urge on the minister to look into the taxation and see that at least for tractors, fertilisers and a few of the inputs including excise on power, the burdens which the farmers have to bear are lightened straight-

way. It is not worthwhile to talk about reduction of tax on motor vehicles. If that is done it may yield some results. But if the same had been done, if not Rs. 10 000 at least Rs. 5,000 on tractors could be easily reduced out of the excise burdens he has to pay.

15 hrs.

On the other hand, out of the Rs. 25,000 crores which are generated by the industrial sector—I am not talking about the tertiary sector, which is a notional income which nobody wants to bother about; it is a net burden on the economy and that is not the one which we should continue to keep counting upon as some sort of a performance—out of Rs. 25,000 crores which the industrial sector produces—40 per cent or nearly Rs. 10,000 crores worth of industrial operations are stagnating. If the government look into the reasons, it is due to lack of purchasing power and certain other deficiencies like non-availability of replacement by modern equipments which would amount to retaining the part of income and savings—all these features have not been there. Therefore, whatever production has been there and whatever incomes have been generated, the bulk of them have been lost to taxation. After the development rebate was discontinued, when the industry found that it had to replace the worn-out equipment after 10 years operations, the resources at the disposal of the industry were not enough to cover the actual cost of replacement. The inflation of the previous ten years had resulted in the replacement index of about 182 to 190. If an industry has to spend this 190 per cent, and if it can get normal depreciation only—it can never exceed 100 per cent—what happens to the reduction of the money available for plant replacement? This is a strong feature on which the government has to apply its mind and see that the health of the industry is somehow maintained. For doing so,

it is very simple. The minister has provided for investment benefits. But these investment benefits could be widened to cover any equipment which is required to be replaced. In fact, whatever equipments are installed or purchased in Switzerland and several other countries, hundred per cent rebate is provided. It is immaterial whether the depreciation is taken over the years or in a single shot. Certain adjustments like making available 15 or 20 or 25 per cent by way of investment allowance or developmental rebate are also provided, to start with. But the fact is that the equipment or the investment of the investor should be safe-guarded and the plant and the equipment which has generated income should not be just junked. Many of the plants in the textile mills, sugar mills and plants of different nature have become some sort of junk. If that is so, what is our national base on which we want to stand? Having said so, if industrial equipment becomes un-economic in operation, the burden is squarely on the Indian economy and the effect of it would result in heavy inflation Ultimately, if the rules of the Government are followed like no lay-off, no retrenchment, fuller employment, higher wages and certain statutory obligations which an industry has to perform, the result would be cash loss and nothing would be available for replacement of machinery. Therefore, the available amount of machinery should be jealously preserved and the amount equal to the growth rate which the Government has planned, should be taken care of by providing savings and investment by the industry This malady could be easily overcome by providing an element of tax adjustment.

A question may be asked: how is it that some of the industries have been able to replace their machinery or some special units in the same group of industries continue to be efficient whereas 80 or 90 per cent others have not been able to maintain efficient operations? It is not difficult to analyse this problem but I do not want to take much time of the House on this issue. The efficient industries have their earnings in many other aspects which are of a special nature and which are not available to everybody.

As far as individual taxation is concerned, we have brought it down to 66 per cent. At one time, it was 97.75 per cent. Then tax collection was less. By bringing it down to 66 per cent, we have provided some base for our savings and with available funds, the people would be able to make purchases which may enable the economy to grow and certain industries to pick up, which are presently suffering from low demands. But at the same time, we should not forget that demand does not come of its own.

There are no bank loans at interest of less than 15 to 18 per cent. If we have to pay such a high rate of interest and if the banks pay 9 to 11 per cent interest to the depositors, why do you permit growth of high cost banking system by providing and allowing them to keep the difference? If this amount by way of extra interest rate, is left with the banks, that will add to extravagence which banks may not be able to re-adjust it lower at a later date. Therefore, I had made a suggestion to the Minister that the amount of extra interest presently allowed to be charged should be deposited in an account and it should be utilised for creating additional production apparatus by which the deflationary measures of the Government could be implemented. But the unfortunate thing is that though slightly reduced, the high rate of interest is still continuing but, new production means with the difference are not created. The credit restrictions are continuing. Of course, I do agree that on hoarding and profiteering and such purposes, the credit restrictions have a desired effect. But on purposes like production equip-

..[Shri D. D. Desai]

ment, export and establishing new facilities, the effect is that all these things are presently adversely affected. Though licences are issued, there is no credit or funds available for executing most of these things.

If you permit, I will just close my speech in a few minutes. Having said all this, I would now inform you that the advances that are made to the rural sectors do not, very unfortunately, fit in with our policies. The banking system, as was inherited was devised by the British for purposes of importation of manufactured goods from England and for exporting after depressing the Indian raw materials so that the Indian produce was sold away or exported at throw-away prices. When we went in for an industrialized system, we were equipped neither for industrialization, nor for the financing of the rural sector. Once we went in for industrialization, we did establish certain amount of reforms for advances. But it appears that this work was done, using the same people. It was impossible to force them. I would say that today, our banking system is not tuned even for industrial finance. If the same banking system is asked to finance the rural people, you know what happens. It is said that it is impossible to finance rural people, because we have got the small farmers. After all, we created the small farmers; and then we say that small farmers are not credit-worthy and that we canot extend credit facilities to them. But the number of such people runs into millions. These small farmers do not receive any advances or deposits or loans from any banking source. Therefore, their operations are definitely inhibited because of lack of finance. This, unfortunately, is the present condition, to which I must draw the attention of the Government. I may suggest that today, while financing loans to small farmers, it is no use sending the elite of the cities to do this job. It is no use relying upon the existing banking structure to provide the financing facility. The work should be done by an entirely different set-up, made up of rural people—the farmers—who only know the rural problems and which have nothing to do with existing banking as such. An entirely new approach will have to be adopted; and only those people who know the rural problems and who are agriculturists, should be asked to implement it. We should provide funds to them by all means give them even the risk funds. You can cover risk by LIC general insurance or by international insurance agency. The help of the World Bank can be taken. But, unfortunately, if block and risk funds are not provided to this sector, there is no hope in the foreseeable future, of generating the development of the rural economy. With these words, I support the Finance Bill.

सरदार स्वर्ण सिंह लोखी (जमशेदपुर): चेयरमैन साहब, मैं अपने बिहार से शुरु करूंगा। आप जानते हैं कि बिहार बहुत पिछड़ा प्राविंस है और कई दफा वहां बहुत सारी बाढ़ें वगैरह आ जाती हैं, और इस किस्म के मामले आ जाते हैं, । इसके लिए प्लान में जो रुपया दिया गया है यह बहुत कम है । मेरे ख्याल में आप सब जानते होंगे कि बिहार की आबादी 56.4 मिलियन है जो कि पूरे हिन्दुस्तान की आबादी की दस परसेंट है । इसमें 90 परसेंट लोग रूरल एरियाज से आते हैं। पहले प्लान में सिर्फ 73 करोड दिया गया था जो स्टेट्स का पांच परसेंट होता है, दूसरे 178 करोड़ दिया गया था जो सब स्टेट्स का नौं परसेंट होता है, तीसरे में 329 करोड़ दिया गया था जो सब स्टेट्स का आठ परसेंट होता है और चौथे प्लान में 481 करोड़ दिया गया था जो सब स्टेट्स का आठ परसेंट होता है । इस सब से आपको पता चलेगा कि हम को बहुत ही कम रुपया दिया गया है । अब आप पांचवें प्लान

को देखें । हमारी स्टेट के लिए इस में 1267 करोड़ रखा गया था । 1974–75 के लिए जो कि इस योजना का पहला साल था जहां 169 करोड़ देने की व्यवस्था की गई थी वहां उसको केवल 149 करोड़ ही दिए गए जब कि उसने खर्च किए 153 करोड़ रुपए । इस प्लान के दूसरे साल के लिए अर्थात् 1975–76 के लिए 208 करोड़ रखे गए थे और वह सारा रुपया उस ने खर्च कर दिया ।

सभापति महोदय, आप तो जानते ही हैं कि पिछले साल अगस्त महीने में पटना में भयंकर बाढ़ आई थी । इसके लिए एक कमेटी बनाई गई थी जिस के अध्यक्ष श्री जे० त्रिपाठी थे जो कि सैंट्रल वाटर कमिशन के हैं । इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की है । उसने कहा है कि प्रोटेक्टिव और ड्रेनेज पर जो खर्चा आएगा वह करीब 10.68 करोड़ आएगा । यह उनका एस्टीमेट है । मैं कहना चाहता हूं कि इतने पैसे से काम नहीं होगा । जब यह काम खत्म होगा तो बहुत ज्यादा खर्च करके ही होगा । इसके लिए बिहार सरकार ने आप से पैसे की मांग भी की है । अभी परसों हमारे मुख्य मंत्री यहां आए थे । उन्होंने हम लोगों से भी बात चीत की थी । हम यहां जो सही बात है उसको आपके सामने पेश कर रहे हैं । पटना को तीन तरफ से, सोन से, गंगा से और पुनपुन से खतरा है । इन से उसकी रक्षा करना बहुत जरूरी है । इसके लिए एक 26 मील लम्बा एम्बैंकमैंट बनाया जा रहा है जिसकी हाइट बारह से 18 फीट होगी । इसका जो टाप होगा वह 18 फीट होगा । कंजैस्टिड एरियाज में मेसनरी वाल्ज बनाई जा रही हैं जो बहुत जरूरी हैं । अब यह जो सारा खर्चा है इसके लिए रुपया कहां से आएगा । बिहार के पास तो बहुत कम रुपया है । बिहार ने 1976–77 के लिए प्लान के वास्ते 279.42 करोड़ की मांग की थी लेकिन प्लानिंग कमिशन ने केवल 242.04 करोड़ पर्यों की ही स्वीकृति दी है । मेरी मांग यह है कि जो यह 37 करोड़ की कमी की गई है इसको न किया जाए और पूरे का पूरा रुपया बिहार सरकार को दिया जाए । वह पूरा खर्च करने की स्थिति में है । अगर वह नहीं करती है तो बाद में आप पूछ सकते हैं कि क्यों नहीं किया है—

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : दिलवाने वाले को जमानत देनी चाहिये इन से गारंटी ली जानी चाहिये ।

सरदार स्वर्ण सिंह सोढी : बिहार भारत का एक अंग है । आपको उसके बारे में सोचना पड़ेगा । अगर रुपया कम पड़ जाए तो उसका नतीजा यह होता है कि किया कराया सारा काम खराब हो जाता है । उसी तरह यह होता है जैसे कोई पार्लियामेंट आ रहा है और विजय चौक में उसकी गाड़ी का पैट्रोल खत्म हो जाए तो वह पार्लियामेंट नहीं पहुंच सकता है उसी तरह से बिहार का भी हाल होगा ।

बाढ़ की रोक थाम के लिए भी उसकी पांच से दस रोड़ रुपये की और मांग हैं । मैं चाहता हूं कि इस को भी पूरा किया जाय । हमारे मुख्य मंत्री प्रधान मंत्री जी के पास भी गए थे । आप के पास भी गए थे । मेरी प्रार्थना है कि 37 करोड़ रुपया बिहार को जल्दी से जल्दी आप दें ।

अब मैं टैक्स इवैडर्ज के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । इन में से किसी ने दो लाख किसी ने चार लाख दिखा दिया और बाकी बहुत सारा रुपया दबा करके रखा हुआ है । अब ये मोतबर आदमी बन गए हैं । आप

[सरदार स्वर्ण सिंह सोढी]

इनका ध्यान रखें । ये लोग पूरा पैसा नहीं दिखाते हैं थोड़ा सा दिखा देते हैं और बाकी दबा कर के रख लेते हैं। बड़े आराम से तब ये रहने लग जाते हैं। आप अच्छी अच्छी नई नई स्कीमें बना रहे हैं। रोज ये स्कीमें अखबारों में निकलती रहती हैं । वे आप बनाएं लेकिन इन से आप खबरदार रहें ।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि डाक्टर वकील और इंजीनियर ये बहुत ज्यादा पैसा बना कर बैठे हुए हैं । खास कर मुझे सुप्रीम कोर्ट के वकीलों का पूरा पता है कि वे एक एक पेशी का तीन तीन हजार पया ले लेते है और रसीद भी नही देते हैं। हम लोगों से यह हुआ है और हमें आज तक रसीद भी नही दी है । जैसे कोई फंसा हुआ आदमी वकील के पास आता है तो वह उस से खूब पैसा लेते हैं । जो आदमी भुगते हुए हो वही इस बात को जान सकता है, दूसरा कैसे जान सकता है जिसका कि कोई केस न पड़ा हो । मैंने आज पेपर में भी पढ़ा है कि वकीलो डाक्टरों और इंजीनियरों की तरफ ध्यान दिया जायेगा लेकिन ऐसे काम नही होगा । इन को अच्छी तरह से पकड़िये जितने अच्छे-अच्छे वकील हैं इनके पीछे इंटेलीजैंस वगैरह लगाइये ताकि पता लग सके कि इन लोगों ने रुपया कहा रखा हुआ है, कैसे वह रुपया काम में आ रहा है और ये लोग उसका क्या करते हैं। पत लगाना सरकार का काम है मेरा काम तो बता देना ही है ।

डोमेस्टिक गैस के बारे में मैंने दो-तीन बार क्वैश्चन भी किये हैं, हाफ-एन-अवर डिस्कशन तो आता नही है, आजकल एमरजेंसी है, तो यह जवाब देते हैं कि प्रैशर-नेब फिट नहीं हो सकती है । यह कैसे फिट नहीं हो सकती है। अचानक गैस खत्म हो जाती है सिलैंडर में गैस कम भेजते हैं । अभी मेरे यहां दो बजे गैस खत्म हो गई, रोटी बीच में ही रह गई । पता नहीं लगता है कि कब गैस खत्म हो जायेगी । इस बात को देखा जाना चाहिये कि गैस के सिलैंडर पर गैस की घड़ी क्यों नही फिट हो सकती है । हमारे जमशेद पुर में रोज यही काम होता है । मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमारे मालवीय जी ने ऐसा जवाब दिया।

डोमेस्टिक गैस पूरे हिन्दुस्तान में खर्च होती है आप हर जगह पता कर सकते हैं कि किस तरह से गैस कम आती है, कही लीकेज हो जाती है। मेरा कहना यह है कि आप इस तरफ ध्यान दें और कुछ ठीक इंतजाम करें। अगर मालवीय जी को कोई कठिनाई है तो वह मेरे पास आयें, मैं उन को बता सकता हू कि यह कैसे हो सकता है । डोमेस्टिक गैस में गेज जरूर लगाई जानी चाहिये। अगर इसे मालवीय जी नही लगवा सकते हैं, तो मैं कहता हू कि मैं लगवा सकता हु । ऐसे जवाब देने से काम चलने वाला नही है ।

एक बात मैं यह कहना चाहता हू कि बिहार में एक बैंक खोला गया है एक बैंक से क्या होता है ? नार्थ बिहार में एक ग्रामीण बैंक खोला गया है, इससे क्या होगा । कम-से-कम हर डिवीजन में एक बैंक तो दिया जाये । छोटा नागपुर में कुछ भी नही है । एक कमिश्नरी होती है उस में एक बैंक होना बहुत जरूरी है । अगर आप वाकई गरीबों और आदिवासियों का भला करना चाहते हैं तो इस तरफ सोचना चाहिये । एक बैंक से काम चलने वाला नही है ।

इन शब्दों के साथ मैं आपके वित्तविधेयक का समर्थन करता हूं ।

श्री भूप चन्द जैन : (पाली) सभापति महोदय, मुझे बोलने का समय देने के लिए मैं आप का आभार मानता हूं ।

फिनांस मिनिस्ट्री इतनी मेहनत करती है, लेकिन एक बात समझ में नहीं आती है कि हम देश को जिस रास्ते पर ले जाना चाहते हैं, उस पर हम कहां तक पहुंच चुके हैं । पहले तो फिजूलखर्ची को बन्द करना चाहिए । आस्ट्रेरिटी की बात बहुत की जाती है, लेकिन उस पर अमल कहां तक हुआ है ? मैं देख रहा हूं, कि इतनी फिजूल खर्ची होती है , लेकिन अगर कोई कमेटी उस के बारे में सिफारिश करती है, तो उस की परवाह नहीं की जाती है । एस्टीमेट्स कमेटी (1975-76) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि किस तरह हमारा लाखों करोड़ों रुपया फिजूलखर्ची में जाता है । उस मे कहा गया है

"The Committee cannot over-emphasise the need for rationalisation of methods of work adopted by the various Ministries/Departments and of evolving scientific work norms. Rationalisation of methods and fixing of norms is essential not only for effecting economy and improving overall efficiency in the Departments but for setting targets and measuring performance also. Moreover it would be in the interest of Ministry/Department themselves to have such norms to dispel a general feeling that the Government Departments are over-staffed."

सरकार द्वारा जो इतना ज्यादा पैसा खर्च किया जाता है , कौन हिसाब लगाता है कि उस का सही उपयोग होता है या नहीं ? देश कुर्बानी करने के लिए, कठिनाइयां उठाने के लिए और त्याग करने के लिए तयार है, लेकिन यह देखना चाहिए कि टैक्सों के रूप में दी गई उस के गाढे पसीने की कमाई का सही उपयोग होता है या नहीं ।

एस्टीमेट्स कमेटी की रिपोर्ट में डीटेल्ड तौर पर कहा गया है कि हमारी गवर्नमेंट की मशीनरी ओवर-स्टाफ्ड है । ओवर-टाइम एलाउंस आज भी दिया जाता है, लेकिन कर्मचारियों के काम की इवैल्यूएशन करने वाला कोई नहीं है । कमेटी ने कहा है कि उस ने कई बार गवर्नमेंट का ध्यान इन बातों की तरफ दिलाया है , लेकिन गवर्नमेंट ने उस की परवाह नहीं की है ।

कमेटी ने कहा है :

"The Committee regret to note that in spite of the recommendation of the Administrative Reforms Commission, no single cell has been constituted in the Ministry of Finance for looking after the multifarious duties regarding compiling and keeping up-to-date the existing rules and regulations having a financial bearing, arranging for their periodical reprint and for the issue from time to time of correction slips etc."

कमेटी ने कहा है कि एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में उस ने जितनी भी सिफारिशें की हैं उन में से किसी पर भी अमल नहीं किया गया है ।

दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन को 24 करोड़ रुपया दिया गया है, लेकिन उस को हर साल करोड़ों रुपया का घाटा होता है । इसी तरह रेलवे और सुपर बाजार में भी घाटा होता है । मुझे एक भी ऐसा महकमा बतायें, जिस को गवर्नमेंट रुपया देती हो, और उस में घाटा न होता हो। इसी तरह टूरिस्टों के लिए खोले गए होटलों में भी लाखों करोड़ों रुपयों का घाटा होता है । सब

[श्री मूल चन्द डागा]

फैक्ट्स एंड फिगर्स को देखने से पता चलेगा कि हम को कितना सालाना घाटा होता है। जिन लोगों के कारण हमें लाखों करोड़ों रुपयों का घाटा होता है, उन के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाती है ?

अब मैं आप को बताता हूं रीजनल इम्बैलेंसेज क्यों हैं? मैं ने फिजूल खर्ची की तरफ ध्यान दिलाया। आज भी हिन्दुस्तान में करीब 5 हजार ब्लाक्स हैं। उन पर जो धनराशि खर्च होती है उन का क्या लाभ होता है। सारी पंचायतें निष्क्रिय हो गई हैं। ब्लाक्स में कुछ काम नहीं हो रहा है और उन पर भी हमारा करोड़ों रुपया खर्च होता है। केवल वहां गांवों के लोग बैठे रहते हैं और काम कुछ भी नहीं है।

एक माननीय सदस्य : तो क्या किया जाय ?

श्री मूल चंद डागा उन को हटा दीजिए, दूसरी जगह लगाइए। उसी जगह पर उन को क्यों रखे रहें ?

होटल जो चलाए जाते हैं उस के अंदर 25 लाख का घाटा है। एक क्वेश्चन मैं ने किया, उस का उत्तर आया कि उस में घाटा है।

अब मैं आप को रीजनल इम्बैलेंसेज के बारे में बताता हूं। मेरे पास यह चार्ट है। इस से आप को पता चलेगा कि राजस्थान को कैसे नेग्लेक्ट किया गया है ? इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड आफ इंडिया से हमारे राजस्थान को केवल 3.15 परसेंट मिला है टोटल जहां पर गुजरात को 12 परसेंट, महाराष्ट्र को 22 परसेंट और तामिलनाडु को 12 परसेंट मिला है। सब से कम 3.15 परसेंट राजस्थान को मिला है। यह 1975 की फिगर है।... (व्यवधान)..... कर्नाटक का मैं आप को बताता हूं 6.84 परसेंट है। वहां सोना बरसता है।

यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया से राजस्थान को 1.90 परसेंट मिला है जब कि गुजरात को 13.29 परसेंट, महाराष्ट्र को 29.88 परसेंट, तामिलनाडु को 10.31 परसेंट, यहां तक कि उत्तर प्रदेश को 4.78 परसेंट मिला है लेकिन राजस्थान को केवल 1.90 परसेंट मिला है।

अब रूरल एलेक्ट्रिफिकेशन जिस में राजस्थान पिछड़ा है उस के लिए रूरल एलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन से राजस्थान को 8.56 परसेंट मिला है जहां पर कि आन्ध्र और दूसरे प्रदेशों को इस से ज्यादा मिला है, 10.1 परसेंट मिला है 11 परसेंट मिला है उत्तर प्रदेश को और 11 परसेंट गुजरात को, यहां तक कि छोटे-छोटे राज्यों को उस से ज्यादा मिला है और राजस्थान को केवल 8.56 परसेंट मिला है। तो राजस्थान के मामले में कम पैसा यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया से मिला, आई०डी० बी० आई० से कम पैसा मिला और अब मैं बताता हूं ....

एक माननीय सदस्य . आबादी कितनी है ?

श्री मूल चन्द डागा : आबादी राजस्थान की 2 करोड़ है। लेकिन कितना लम्बा चौड़ा है। हिन्दुस्तान में उत्तर प्रदेश के बाद राजस्थान सब से लम्बा चौड़ा है। ... (व्यवधान).....

ऐग्रीकल्चरल री-फाइनेंस ऐंड डवलपमेंट कारपोरेशन से 3.53 परसेंट हम को मिला और हरयाना जो छोटा है, एक हमारे डिस्ट्रिक्ट के बराबर है वहां 7.34 परसेंट दिया है।.. (व्यवधान)... 8.26 परसेंट मिला है मध्य प्रदेश को।

इंडस्ट्रियल क्रेडिट ऐंड इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया से राजस्थान को मिला है 1.9 परसेंट । इस तरह से हमारी कोई फिगर ले कर देखें, इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन ने हम को क्या दिया है—4 परसेंट जहां पर दूसरों को 6,7 और महाराष्ट्र को 21.8 परसेंट दिया है । सारे राज्यों की फिगर की तुलना में मैंने राजस्थान की फिगर बताई कि राजस्थान को सभी क्षेत्रों में कितना कम मिला है।... (व्यवधान) आखिर हमारी तरक्की क्यों नहीं होती है? हमारी कमेटीज की जो रिपोर्ट निकलती है उनको पता नहीं कोई पढ़ता है या नहीं ? गवर्नमेंट कभी इन बातों की तरफ ध्यान नहीं देती है । इसका नतीजा यह है कि टैक्स के मामले में या दूसरे मामलों में जो गड़बड़ होती है उसकी बाबत हम कुछ नहीं कर सकते हैं। अगर हम हिन्दुस्तान में बेकार के खर्च को रोक कर अनुशासन लायें और अनावश्यक महकमे जो हैं जैसे ब्लाक्स काम कर रहे हैं, हमारा सरकारी स्टाफ वहां काम कर रहा है उसमें खर्चा कम करें तो हम काफी आगे बढ़ सकते हैं अन्यथा नहीं ।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी, जब वित्त मंत्री महोदय वित्त विधेयक सदन में पेश कर रहे थे तो हम लोग बहुत ही गौर से सुन रहे थे कि वह कौन-कौन सी सुविधा कौन-कौन से वर्ग को देना चाहते हैं। उन्होंने कुछ सुविधाओं का एलान भी किया जिसमें कुछ किसानों को भी सुविधा दी गई लेकिन वे किसान बड़े-बड़े किसान हैं। इस प्रकार धनियों को सुविधा जरूर दी गई क्योंकि धनी किसान ही देश में ट्रैक्टर आदि का इस्तेमाल करते हैं। मैं इसके विरुद्ध नहीं हूं कि उन्हें क्यों सुविधा दी गई बल्कि मेरा अनुरोध है कि आप किसानों गरीबों, और मध्यम किसानों को भी सुविधा दी जानी चाहिए । आप जानते हैं हमारे देश के आम किसानों में बहुत ही असंतोष है क्योंकि उनकी चीजों की किमतें गिर गई या गिर रही हैं और दूसरी तरफ जिन चीजों का इस्तेमाल वे करते हैं— औद्योगिक सामान—उनकी कीमतें गिरी नहीं, कुछ कीमतें बढ़ भी गई हैं। इस प्रकार उनके अन्दर असंतोष का होना स्वाभाविक है । वे इस बात की उम्मीद जरूर करते थे कि खाद की कीमत काफी गिरे ताकि उनके उत्पादन में जो लागत लगती है वह कम हो । खाद आज आम तौर से गरीब से लेकर बड़े किसान तक सभी इस्तेमाल करते हैं । लेकिन वह बात नहीं हुई । हम जरूर चाहेंगे कि सरकार किसानों के मर्म को पहचाने लेकिन आज तो उल्टा काम हो रहा है । मैं जिस सूबे से यानी बिहार से आता हूं वहां किसानों पर चौगुनी मालगुजारी बढ़ा दी गई बिजली का रेट बढ़ा दिया गया, सिंचाई की दर बढ़ादी गई और दूसरी तरफ उनकी चीजों की कीमत गिर रही है। और तीसरी तरफ औद्योगिक सामान उन्हें काफी महंगा खरीदना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अगर वे असंतुष्ट नहीं होंगे आपकी इन नीतियों के कारण तो और क्या होगा । हिन्दुस्तान के जो दकियानूसी लोग हैं जो प्रतिक्रियावादी ताकतें हैं वे इन बातों का लाभ उठाकर बेजा इस्तेमाल करती हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि आम किसानों की तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिए । तभी आप उनके दिल को जीत सकेंगे नहीं तो वे लोग आपके विरुद्ध जाएंगे ।

श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा (नवादा) : आप किसानों के उत्पादन बीज को घटाना चाहते हैं या औद्योगिक वस्तुओं के मूल्यों को घटाना चाहते हैं ?

श्री रामावतार शास्त्री : औद्योगिक मूल्यों को घटाना चाहते हैं किस अनुपात में किसानों की चीजों की कीमत घटी है-

[श्री रामावतार शास्त्री]

यही हम मांग कर रहे हैं। आप किसानों की चीजों की कीमत कभी भी सपोर्ट प्राइस से नीचे मत जाने दीजिए।

सभापति जी, मैं यह भी उम्मीद कर रहा था कि जब कुछ सुविधाओं का एलान किया जा रहा है तो मजदूर वर्ग को भी सुविधा दी जाएगी।

ऐसा लगता है कि सरकार ने तय कर रखा है कि मजदूरों पर वार करेंगे ही। आपने उनके बोनस के अधिकार को छीन लिया। वे आज कारखानों के उत्पादन को बढ़ा रहे हैं- इस बात को आप स्वयं स्वीकार करते हैं कि देश में औद्योगिक उत्पादन बढ़ रहा है लेकिन इस उत्पादन से उनको भी तो कुछ लाभ मिलना चाहिए इस की तरफ आपका ध्यान नहीं है —

हमारे जो बीमा कर्मचारी हैं उनके साथ आप ने 1974 में एक द्विपक्षीय समझौता किया - बोनस के सवाल को लेकर, लेकिन अब आप उनके बोनस को भी समाप्त करना चाहते हैं।

श्री विनेन भट्टाचार्य (सीरमपुर): समाप्त कर दिया है।

श्री रामावतार शास्त्री: आपने उस को समाप्त करने के लिए एक विधेयक इस सदन में पेश किया है। ऐसी हालत में बीमा कर्मचारी आप से कैसे खुश रह सकते हैं। हमारे पास सैकड़ों बीमा कर्मचारियों के दस्तखत करवा कर पटना से आवेदन पत्र आए हैं उन्होंने हमारे पास तार भेजे हैं जिस में कहा है कि आप हमारे प्रतिनिधि हैं इसलिए आप को इस के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने अपना आवेदन पत्र तमाम पार्लियामेन्ट के मेम्बरों के पास भेजा है और कहा है- अगर आप सचमुच हमारे प्रतिनिधि हैं तो इसका विरोध किजिए। इस लिए हम अपना कर्तव्य समझते हैं कि इस तरह की मजदूर विरोधी जो आपकी नीति है उसका डटकर विरोध किया जाय और ज रत पड़े तो आन्दोलन भी शुरु किया जाय।

तीसरी बात --आजकल बीस सूत्री कार्यक्रम का हवाला देश में बहुत दिया जा रहा है, देश में चारों तरफ इसके लिए हवा बांधी जा रही है, हम भी इसकी सफलता चाहते हैं, क्योंकि हमें उम्मीद है, कि इस की सफलता से देश की स्थिति में सुधार होगा। लेकिन आम तौर से राज्यों में जो आप की सरकारें हैं- उन्होंने प्रचार का तूफान तो बहुत बांधा हुआ है लेकिन वे यह नहीं देखती की खेत मजदूरों की मजदूरी बढी है या नहीं, उनको रहन के लिए मकान या जगह दी गई है या नहीं, उन के कर्ज मन्सूख हुए हैं या नहीं? सूद की दर क्या है? सभापति जी, आप को सुनकर आश्चर्य होगा- , मैं 2 मई से 5 मई तक पद यात्रा करके आया हूं- कई जगह किसानों ने मुझ से शिकायत की कि यदि वे सूदखोरों से कर्जा लेते हैं तो उन्हें 20 फीसदी से लेकर 36 फीसदी तक सूद देना पड़ता है, जबकि आप के बैंकों का अधिकतम रेट 12 या साढे बारह परसेन्ट है। मेरे यहां एक "दियारा" क्षेत्र है, जो बिल्कुल पिछड़ा हुआ है, जहां हर साल बाढ आती है, वहां 12 रुपए सैकड़ा माहवारी सूद यानी 100 रुपए पर 144 रुपया सूद साल भर में देना पड़ता है। यह हिन्दुस्तान में ही हो रहा

है, किसी दूसरे मुल्क में नहीं हो रहा है, जहां आबादी आये 27-28 साल बीत चुके हैं।

इसी तरह से कुछ अन्य सवाल भी बीस सूत्री कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं-

बिहार की सरकार बहुत शोर मचाती है कि हमने यह किया है, वह किया है, लेकिन वास्तविकता देहातों में जाने पर ही मालूम होती है। आपके अफसरान नहीं चाहते हैं कि बीस सूत्री कार्यक्रम पूरा हो। जिस काम को यहां के दक्षिण पंथी और फासिस्ट तत्व नहीं कर सके, उसको आपके अफसरान करके दिखाना चाहते हैं, जिन में जनसंघी और आनन्दमार्गी विचारों के लोग बहुत बड़ी संख्या में घुसे हुए हैं। वे आप को फेल करना चाहते हैं, श्रीमती इन्दिरा गांधी को हटाना चाहते हैं - यह हालत आप के बीस सूत्री कार्यक्रम की है।

इतना ही नहीं- आप शहरों में लीजिए पिछले दिनों आप ने देखा कि तुर्कमान गेट पर क्या घटना घटी । आप के अफसरान मामूली लोगों की दुकानों को जबरदस्ती तुड़वा रहे थे। जिस का नतीजा क्या निकला आप ने देखा। भले ही आप कर्फ्यू लगा दें, लेकिन उससे लोगों के दिमाग नहीं बदलेंगे। आपकी नीति में परिवर्तन होना चाहिए, आप के मन में उनके प्रति हमदर्दी हो, उनको बसाने का इन्तजाम हो, उनको नागरिक सुविधाएं दी जाएं, तब यह काम हो सकता है।

इसी तरह से पटना में हुआ खुदरा दुकानदारों को फुटपाथ पर बैठ कर जो रोजी कमाते हैं झोपड़ों में रहने वाले हैं, उनको सरकार हटाती है, बेरोजगार बनाती है, दर- दर का भिखारी बनाती है। जबकि उनको वायदा किया जा चुका था कि उनके लिए आल्टरनेटिव जगह की व्यवस्था की जायगी, ऐसी व्यवस्था किए बिना उनको नहीं हटाया जाएगा। लेकिन इस तरह की बातें देश में जगह जगह हो रही हैं। हर सूबे में आप गरीबों को उजाड़ रहे हैं। क्या यही समाजवाद है। क्या इससे देश आगे बढ़ेगा। आज हमारे चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी जो लोक सभा और राज्य सभा में भी काम करते हैं उनके लिए क्या आप ने ढंग का मकान दे रखा है? एक कोठरी का मकान अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा है। वह बेचारे कैसे समझेंगे कि श्रीमती इन्दिरा गांधी देश की प्रधान मंत्री हैं। वह तो यही समझेंगे कि कोई अंग्रेज ही तो नहीं हुकूमत कर रहा है? क्या आप उनको दो कमरे का मकान नहीं दे सकते? आप का ध्यान ऐसे लोगों की तरफ जा रहा है जो धनी हैं, गरीबों की तरफ नहीं। इसलिए ऐसा है।

दूसरी बात पानी का संकट। कोई भी सूबा नहीं है जहां पीने के पानी की दिक्कत नहीं है, और खास तौर से गर्मियों में। रोज अखबारों में निकलता है पानी की दिक्कत के बारे में। बिहार का तो शायद ही कोई जिला बचा हो देहात हो या शहर, जहां पानी लोगों को ठीक से गर्मी में पीने के लिए और नहाने के लिए मिलता हो। मैं पटना से आता हूं, तीन चार दिन पहले पटना नगर निगम के प्रशासक का बयान अखबार में पढ़ा था कि 41 पम्पिंग सैट्स में से 7 सैट खराब हो चुके हैं। 6 लाख की आबादी पटना शहर की हो चुकी है। रोज आबादी रेलगाड़ी की रफ्तार की तरह बढ़ रही है। स्वयं आपके लोगों ने कहा है कि 10 लाख आबादी हर महीने बढ़ रही है। तो पटना में भी बढ़ती है। वहां पानी नहीं है। इतने पम्पिंग सैट

[श्री रामावतार शास्त्री]

खराब हो चुके हैं। वहां 6 करोड़ रु० चाहिए तभी आप पटना के नागरिकों को पानी दे सकते हैं, देहात के लोगों को दे सकते हैं। अगर आप इस काम को बिहार सरकार पर छोड़ दीजिएगा तो वह क्या कर सकेगी ? आप को मदद करनी होगी । अगर आप लोगों को खाना कपड़ा, मकान नहीं दे सकते तो कम से कम पानी का तो इंतजाम कीजिए ताकि देश में भर में पीने के पानी का इंतजाम हो सके।

मैं केन्द्रीय सरकार को धन्यवाद देता हूं कि पटना के लोगों को बाढ से बचाने के लिए 8 करोड़ रुपया दिया, बांध भी बन रहा है।

लेकिन जिन किसानों की लहलहाती हुई फ़सल काट दी गई, जिनकी जमीनों की मिट्टी काट कर बांध में डाली जा रही है, जिन की जमीन बेकार जा रही है उन को बिहार सरकार के मुताबिक 65 लाख रु मुआवजे का देना है। लेकिन दिया गया है केवल 5 लाख रु०। किसान क्या समझेगा ? अब आप ने 8 करोड़ रु० दिये तो उन को मुआवजे की रकम उसी में से क्यों नहीं दी जा रही है ?

मंत्री जी जानती हैं कि पटना में रिजर्व बैंक में आदिवासी हरिजन कर्मचारियों के साथ किस तरह से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। बड़े बड़े अधिकारी आप के 20 सूत्री कार्यक्रम के विरोधी हैं, इसीलिये वे लोग उन से नाराज हैं जो कर्मचारी 20 सूत्री कार्यक्रम का समर्थन करते हैं। चार, पांच हरिजन व दूसरे कर्मचारी महीनों से मुअत्तल हैं। आप का ध्यान उस तरफ जाना चाहिए । इस तरह की चीजें हर जगह हो रही हैं।

आखिरी बात परिवार नियोजन के बारे में कहनी है । परिवार नियोजन के बारे में बात बहुत हो चुकी है । सरकार ने कहा कि जोर जबरदस्ती नहीं है । और दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा कि कोई जोर जबरदस्ती नहीं है । मेरे पास एक सर्कुलर है ऐजूकेशन आफिसर का । सर्कुलर जारी किया गया 27-4-76 को जिसका जुमलवा आप सुन लें सभापति जी, आप को बड़ा मजा आयेगा :

"It has been decided in the meeting held on 26-4-1976 that sevices of all daily wagers/muster roll employees/seasonal employees etc. who have more than two children and do not fall within the excepted category (already sterlised, or the age of the wife is more than 45 years); but do not undergo sterlization by 30-4-1976 should be immediately terminated thereafter without any notice saying that the services are no more required."

" "

क्या यह गरीबों के दिल को जीतना है ? और क्या इसी तरह से परिवार नियोजन देश में आयेगा ? कितने नोबिल आइडिया को भी बदनाम कर रहे हैं। यह नोबिल आइडिया है कि फैमिली प्लानिंग होनी चाहिए लेकिन इस तरीके से नहीं होनी चाहिए। मैं आप को एक और जुमला सुनाता हूं। एक महिला टीचर ने मेरे पास एक चिट्ठी लिखी है । वह 36, मुनिरका, नई दिल्ली की रहने वाली हैं। वे क्या कहती है, जरा सुन लीजिए । पिछली बार जब हैल्थ मिनिस्ट्री की डिमान्ड्स पर बहस चल रही थी, उस के बाद उन्होंने मुझे चिट्ठी लिखी है । उस में यह है :

"In spite of the denial by the Minister of State for Health & Family Planning, Chowdhury Ram Sewak, school teachers in Delhi are being compelled to bring cases for sterilisation and are being threatened of other steps like transfer to distant places, bad reports, etc.,

in case of default. Principals of Schools, especially, Lady Principals, even suggest purchase of such cases from the middlemen at a rate of Rs. 60—100 per case. All orders in these cases are verbal and are conveyed by the officers of the Directorate of Education, Delhi and the Principals of Schools during staff meetings."

इस के बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि स्टेरेलाइजेशन के लिए जो टीचर्स को लोगों को लाने के लिए कहा जाता है, उस में खून चलने लगी है । किसी आदमी को स्टेरेलाइजेशन के लिए वे लाते हैं और डाक्टर को कहते हैं कि जो 100 रुपये इस को मिलेंगे वह आप ले लीजिए और 25 रुपये मैं और आप को दे दूंगा और आप मुझे यह सर्टिफिकेट दे दीजिए कि इतने लोगों का मैं ने स्टेरेलाइजेशन कराया है । इस तरह से वह अपना कोटा पूरा कर लेता है और डाक्टरों को घूस मिल जाती है। मेरे पास फोटोस्टेट कापी है और आप अगर इजाजत दें तो मैं इन सब को टेबुल पर रखना चाहता हूं । इस तरह की स्थिति आज हो गई है और इस को आप को देखना चाहिए ।

एक बात मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि गरीबों की तरफ आप ध्यान दें । किरासिन तेल गरीब इस्तेमाल करता है लेकिन यहां पर तेल के बारे में कुछ नहीं कहा गया । पेट्रोलियम मिनिस्टर साहब ने कहा था कि तेल की कीमत कम करने के बारे में हम सोचेंगे । आज आवश्यकता इस बात की है कि लोगों को सस्ते से सस्ता राशन और तेल मिले । इस के अलावा इन के मिलने की ठीक व्यवस्था होनी चाहिए ताकि ब्लैकबाजारी न हो । आज तो स्थिति यह है कि राज्यों को आप ठीक कोटा नहीं देते हैं । बिहार सरकार 20 हजार मीट्रिक टन किरासिन तेल मांगती है तो आप केवल 14 हजार मीट्रिक टन देते हैं । जब ऐसा होगा तो उन गरीबों की झोपड़ी में तो अंधेरा ही रहेगा और वहां रोशनी का प्रकाश क्या होगा ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि इन बातों की तरफ आप ध्यान दें ताकि गरीब यह समझें कि सरकार हमारे लिए कुछ कर रही है और इमर्जेन्सी से हमें फायदा हो रहा है । अगर 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वित होगा, तो वे आप की तरफ घूम होंगे नहीं तो देश-विदेश के दुश्मन उन का इस्तेमाल कर के आप को पटक देंगे। हम तो मुकाबला कर सकते हैं । हिटलर और मुसोलीनी हमें बर्बाद नहीं कर सके और हम ने ऐसे लोगों को बर्बाद किया है लेकिन मैं आप से कहता हूं कि आप जरा चेतिये और इन लोगों की सफाई के काम करिये ।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर (दुर्ग) : सभापति महोदय, सब से पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि फरवरी, की 28 तारीख को जो बजट पेश किया जाता है, उस को इस समय पेश न कर के नवम्बर के महीने में पेश किया जाना चाहिए। इस का कारण यह है कि यह जो तारीख है, यह अंग्रेजों के जमाने की है और उन के हिसाब-किताब और उन की सुविधाओं के मुताबिक यह तारीख निर्धारित की गई थी। नवम्बर इसलिए होना चाहिए कि देश में तीन-चौथाई हिस्से में धान की फसल होती है या इसी तरह की दूसरी फसलें होती हैं और हमारे देश की आर्थिक स्थिति इन पर ज्यादा निर्भर करती है । अगर वह समय निर्धारित कर दिया जाता है तो जो भी पैसा निर्माण कार्यों में लगाने के लिए दिया जाता है चाहे वह सड़कें बनाने के लिए हो, चाहे नहरें बनाने के लिए हो और चाहे बिजली लगाने

[श्री चन्दूलाल चन्द्राकर]

के लिए हो, उस का सही उपयोग हो सकता है।

हमारे देश में जो भी काम होते हैं वे नवम्बर से ले कर जून तक होते हैं, और बरसात के दिनों में निर्माण कार्य बन्द रहते हैं और नहीं के बराबर होते हैं। जो पैसा आप अप्रैल में निर्धारित करते हैं और राज्यों को देते हैं तो स्टेट्स में जो साल का बजट होता है, उस में कहीं वह रुपया अप्रल के आखीर में या मई में पहुंचता है, जिस से उस का सही उपयोग नहीं हो पाता क्योंकि मई, जून में थोड़ा खर्च किया और बरसात में खर्च नही होता है । जब साल का आखिर आने लगता है तब दिसम्बर-जनवरी में वह खर्च होना शुरू होता है और 31 मार्च तक जब उस के पूरा उपयोग होने की संभावना नही रहती है, तो कई अधिकारी उस का गलत प्रयोग करने लगते हैं और उस रुपये को जीप और मकान बनवाने आदि मे खर्च करने लगते हैं। उसका सही उपयोग नही होता है । मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि बजट पेश करने की तारीख 28 फरवरी न हो कर नवम्बर महीने मे इस को पेश किया जाए।

मैं समझता हूं कि ग्रामीण लोगों को कर्ज देने की जो प्रणाली है उस को पूर्णतया बदलने की आवश्यकता है, बहुत अधिक उस मे परिवर्तन करने की आवश्यकता है। छोटे छोटे लोगों को जब यह पता चलता है कि आजकल सरकार बहुत अधिक कर्ज दे रही है तो उनको भी आशा हो जाती है कि हम को भी अगर हम कर्ज मांगे तो मिल जायगा । आपने दूकान लगाने, कारखाना लगाने, खेती के काम के लिए तथा नवयुवकों को अपने कारखाने स्थापित करने के लिए कर्ज देने की व्यवस्था की है । मार्टगेज बैंक हो या कोई और बैंक हो सब जगह बहुत लम्बे चौड़े इसके लिए फार्म रखाए जाते हैं। अच्छा पढ़ा लिखा आदमी भी इस को नहीं कर सकता है । छोटे किसानों, छोटे व्यापारियों, नवयुवकों को जो उद्योग स्थापित करना चाहते हैं कर्ज पाने के लिए 25-30 जगह जा कर दस्तखत करवाने पड़ते हैं। किसानों को कहीं रेवेन्यू इंस्पैक्टर से और कहीं किसी और से दस्तखत लेने पड़ते हैं। सब कुछ करने के बाद भी उसको कर्जा नहीं मिलता है और इस में उस का बहुत समय व्यतीत हो जाता है । तब जो कर्ज पाने की आशा लगा कर बैठा होता है उसे बहुत निराशा होती है । हम लोगों के पास अपने निर्वाचन क्षेत्रों से लोगों के पत्र आते रहते हैं कि साल भर हो गया है, या आठ महीने हो गए हैं हमें पैसा नहीं मिला है । कर्ज देने वाले जो अधिकारीगण बैंकों में हैं पहले तो उनका दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है । कुछ निर्देश इस सिलसिले में वित्त मंत्रालय से गए भी है। लेकिन उसका परिणाम अभी तक बहुत कम जगहों पर देखने को मिला हैं । डिस्ट्रिक्ट लेवेल पर उसका कुछ असर नही हुआ है । वहां कर्ज मिलता नही है ।

रिजर्व बैंक द्वारा जो सैंट्रल कोआपरेटिव बैंक को और उस के बाद दूसरे कोआपरेटिव बैंक्स को कर्ज देने की व्यवस्था की गई है और वहा से आगे जो लोगों को कर्ज मिलते हैं उन में पहली बात तो यह है कि ब्याज की दर बहुत अधिक है और यह धीरे धीरे बढ़ती ही जा रही है । चौदह परसेंट बैंक कर्ज लेते हैं । इस से तो ऐसा लगता है कि साहूकारों जैसा इन्होंने भी करना शुरू कर दिया हैं । साहूकारी प्रथा आपने खत्म की यह तो अच्छा किया। वे बहुत तंग भी करते थे। लोगों के ऋण माफ किए गए यह अच्छा किया । लेकिन सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि लोगों को जल्दी और कम ब्याज पर कर्ज मिल सके।

सरकार की नीति ग्रामीण बैंक खोलने की है । लेकिन जिस ढंग से आप चल रहे हैं मुझे लगता है कि इनको खोलने में आप को 4-5-6 या आठ साल लग जायेंगे । क्या आप समझते हैं कि ग्रामीण लोग, छोटे छोटे उद्योग धंधे खोलने वाले लोग और शहरों के लोग भी जो गांवों में उद्योग धंन्धे खोलना चाहते हैं वे इतनी देर तक इंतजार करते रह सकते हैं । क्या इस तरह से लम्बी लम्बी अवधि तक कोई कर्ज लेने के लिए इंतजार करता रह सकता है । समय लगता है यह ठीक है । लेकिन इन सब कामों में आपको जल्दी लानी चाहिये । मैं चाहता हूं कि आप लक्ष्य बनाएं कि प्रत्येक जिले में जहां दस लाख की आबादी है वहां बैंक खुल जाएगा, दस लाख की आबादी के पीछे बैंक आप खोल देंगे । आपके बैंक कर्ज देते हैं । जब पूछा जाता है कि कितने कर्जे दिए गए हैं तो यह बता दिया जाता है कि फलां स्टेट में इतना कर्जा मिला है । यह नही बताया जाता है कि जिलावार कितने कर्जे दिए गए हैं । यह कह दिया जाता है कि इस प्रदेश में चालीस करोड दिया है । इससे पता नही चलता है कि इंदौर को कितना मिला है या किसी दूसरे शहर को कितना मिला । पिछड़े हुए क्षेत्रों के बारे में तो पता ही नही चलता है कि उन को कितना मिला, है, मिला भी है या नही मिला है । सदन में अगर आप बता सकें कभी कभी कि दस लाख की आबादी वाले प्रत्येक जिले को कितना कर्जा मिला है तो इस से पता चल सकेगा कि इतना वहा कर्ज मिल गया है ।

16 hrs.

इसी तरह से आज जो रूरल फाइनेन्स मे, खासतौर से ग्रामीण लोगों के लिये जो बैंक खोलने की बात या फाइनेन्स करने की बात है, उसके सिलसिले में इतनी सरल प्रणाली होनी चाहिये कि दो, तीन दस्तखत के बाद ही जो व्यक्ति रुपया मांगे, उसको सरलता से वह मिल सके ।

बीमा के सम्बन्ध में मेरा कहना यह है कि आजकल सरकार की तरफ से सभी तरह की बीमाओं का राष्ट्रीयकरण हो चुका है । बहुत दफे यह चर्चा सुनने को मिलती है कि फसल की बीमा की व्यवस्था भी लागू हो । वित्त मंत्री जी से मैं आशा करता हूं कि वह बहस का उत्तर देते हुए बतायेंगे कि फसल की बीमा लागू करने का सरकार का इरादा है या नही, या अगर है तो किस फसल की बीमा करने का है और कब तक इसको लागू करेंगे ?

कितनी ही जगहों पर फसल की बीमा के न होने के कारण किसानों को कितनी तकलीफ होती है, यह मैं नही कहना चाहता, इसे सभी जानते हैं । अगर सिद्धान्ततः फसल की बीमा लागू करनी है तो, तत्काल लागू करनी चाहिये । इसके सम्बन्ध मे सरकार की नीति क्या है, यह मालूम होना चाहिये ।

कारखानों के बनी हुई वस्तुओं के मूल्य निर्धारित करने के लिये जैसे टैरिफ कमीशन करता है कि कारखाने का उत्पादन व्यय इतना है और आय इतनी है, तो उसे देखकर कीमत निर्धारित करता है, चाहे कपड़ा हो या और कुछ हो । लेकिन बहुत अर्से से इस बात की मांग की जा रही है कि कृषि की उपज की जितनी चीजें होती हैं उनके सम्बन्ध मे भी इसी तरह से क्यों न किया जाये ? कहा जा सकता है कि किसी राज्य में उत्पादन व्यय कम होता है, किसी मे उत्पादन व्यय अधिक होता है । उसी तरह से कारखानों मे भी होता है किसी जगह उत्पादन व्यय कम होता है क्योंकि मजदूर सस्ते मिलते हैं और किसी जगह मजदूरी ज्यादा होती है । इसलिये मेरा अनुरोध है कि कृषि की जितनी उपज की चीजें है, चाहे गेहूं हो, गन्ना हो, कपास हो,

[श्री चन्दूलाल चन्द्राकर]

तम्बाकू हो या पहाड़ के सेब हों, जब तक उसके उत्पादन व्यय का हिसाब लगाकर मूल्य निर्धारित नही करेंगे तब तक उपज करने वालों को, खेती करने वालों की निराशा होती रहेगी क्योकि जिस साल ज्यादा उपज वह कर देते हैं तो उनको उसका मूल्य नही मिलता; और जिस साल अकाल होता है, तो उनकी उपज का मूल्य तो मिल जाता है लेकिन फसल नही रहती है। इसलिये कुछ मिलता नही है।

इसी सिलसिले मे लगभग 7, 8 बरस पहले एक दफे यह निर्णय ले लिया गया था कि कृषि की जितनी भी चीजे उत्पादित होती है, उन सब की कीमते निर्धारित होगी, पर पता नही वह क्यो टाल दिया गया। यदि वित्त मत्री अपने उत्तर मे इस नीति के सम्बन्ध मे प्रकाश डालेंगे तो बहुत अच्छा होगा।

एक सबसे महत्वपूर्ण समस्या की ओर मैं वित्त मत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हू और वह है बेरोजगारी, चाहे वह शिक्षितो मे हो या अशिक्षितो मे हो। मैं अपने क्षेत्र के सम्बन्ध मे जानता हू, सरकार का नियम भले ही साढे तीन रुपये न्यूनतम मजदूरी के रेट का हो, लेकिन वहा पर मजदूरो को एक रुपये पर भी रोजी नही मिल रही है। इसके क्या कारण हैं, मैं विस्तार मे नही जाना चाहता हूं, क्योकि समय ज्यादा नही है। लेकिन यह कहना चाहता हू कि बेरोजगारी बड़े पैमाने पर बढ़ती जा रही है। इसके लिये सरकार ने कई कारखाने खोले हैं और कदम उठाये हैं, लेकिन चाहे कितने भी कारखाने खोल जायें, सरकार नौकरियो मे जगह देने की कोशिश करे लेकिन मैं समझता हूं कि पढ़े-लिखे युवको को नौकरी देने मे बड़ी कठिनाई है, क्योंकि यह हो नही सकता है। तो फिर तरीका क्या है? मेरा सुझाव है कि एक ऐसा इनफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाये, जिस में लोग खुद भी काम ढूंढ़ सके। इस लिए हर दस लाख की आबादी के लिए दो किस्म की व्यवस्था की जाये। एक तो वहां सब्जी-परपज एग्रीकल्चरल फार्म, बहूद्देश्यीय कृषि फार्म खोला जाये। उस फार्म मे न केवल कुछ सरकारी कर्मचारी हों, बल्कि गांवो के लोगो को भी वहा काम करने का अवसर दिया जाये। उन के लिए बोर्डिन्ग हाउस की सी व्यवस्था हो—उन के लिए सीमेंट के न सही, मिट्टी के ही मकान बनाये जायें। एक, डेढ़ हजार आदमी वहा दो चार महीने के लिए रहे। वे अपने घर से अनाज लाये और उस को पका कर खाये। वहा विभिन्न फ़सलो और उस के साथ साथ फलो और सब्जियो को पैदा करने के बारे मे ट्रेनिंग दी जाये। इस तरह हर जिले के किसानो को यह मालूम होगा कि उन के क्षेत्र मे किस किस्म की फसल, फल और सब्जिया उगाई जा सकती है, उन के लिए कौन सी खाद का इस्तेमाल करना चाहिए, उन मे कौन कौन से कीडे पैदा होते है और उन को मारने के लिए क्या क्या दवायें चाहिए।

ट्रेनिंग के अतिरिक्त उन लोगो को वही पर कर्ज, औजार बीज और खाद देने की व्यवस्था भी की जाये, जिस से एक ही स्थान पर जाने से किसानो को अपने काम की सब चीजे मिल सके।

हमारे देश मे स्थिति यह है कि हर एक किसान अपने खेत मे पचास, सौ और दो सौ साल से धान, गेहू या चना आदि एक ही फसल बो रहा है। इसी कारण उत्पादन दिन-प्रति-दिन कम हो रहा है और फर्टीलाइजर डालने पर भी उस मे ज्यादा वृद्धि नही हो पा रही है। जमीन के लिए रोटेशन आफ क्राप्स जरूरी है, लेकिन उस के बारे मे ट्रेनिंग देने की हमारे यहां कोई व्यवस्था नही है। इस फार्म मे किसानों को रोटेशन आफ क्राप्स के बारे मे प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

इस फार्म से यह लाभ होगा कि किसान वहां से ट्रेनिंग ले कर अपने अपने क्षेत्रों में जा कर वहां सीखी हुई बातों को अपने काम में इस्तेमाल कर सकेंगे।

दूसरे, हर दस लाख की आबादी में एक मल्टी-परपज इंडस्ट्रियल एस्टेट, बहूद्देशीय औद्योगिक ट्रेनिंग सैंटर, की स्थापना की जाये। आज स्थिति यह है कि अगर किसी क्षेत्र में बड़े से बडा लोहे का कारख़ाना भी खोल दिया जाता है, तो उस में बीस, तीस हजार लोगों को काम मिल सकेगा। इससे ज्यादा को नहीं। हमारे किसान साल में चार, छः महीने खेती का काम करते हैं और फिर छः, आठ महीने वे बिल्कुल बेकार रहते हैं। इस लिए यह ज़रूरी है कि देश में छोटे छोटे उद्योग खोले जाय और उस के लिए किसानों, और पढ़े-लिखे युवकों, को कोई न कोई उद्योग सीखने का मौका मिले।

इस औद्योगिक ट्रेनिंग सैंटर में न केवल ट्रेनिंग दी जाये, बल्कि कर्ज़, मशीनें और रा मैटीरियल देने की व्यवस्था भी की जाये।

इस योजना का लाभ यह होगा कि आज जो लोग काम की तलाश में शहरों की तरफ भाग रहे हैं, वे ट्रेनिंग ले कर अपने अपने स्थानों में कोई न कोई काम करने की स्थिति में हो जायेंगे और इस तरह बड़े बड़े शहरों की आबादी पर दबाव नहीं पड़ेगा और इस के साथ पालूशन भी नहीं बढ़ेगा। मेरा निवेदन है कि सरकार को इस बारे में विचार-विनिमय करना चाहिए और कोई योजना बना कर इस के लिए प्रदेशों को ऋण देना चाहिए।

श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली (टिहरी गढ़वाल): सभापति महोदय, पिछले वर्ष जब वित्त विधेयक प्रस्तुत किया गया था, तब से देश में चारों तरफ़ इतना बड़ा परिवर्तन हो गया है कि हमारे वित्त मंत्री को भी उस पर आश्चर्य होना होगा। पिछले वर्ष उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि देश की आर्थिक स्थिति में इतना सुधार हो जायेगा। देश की ग्रोथ रेट में इतनी वृद्धि हुई है। प्रति व्यक्ति आय में बहुत अधिक वृद्धि हुई है और मुद्रास्फीति में गिरावट होने के साथ साथ काले धन के विरुद्ध जो सरकार ने कदम उठाया है उस से देश की आर्थिक स्थिति में बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है और इस में संदेह नहीं कि आपात-कालीन स्थिति में ही यह सब संभव हो पाया है। इसके लिए मैं वित्त मंत्रालय को बधाई देना चाहता हूं।

इस में कोई सन्देह नहीं कि प्रधान मंत्री ने जो 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम देश के सामने पिछले वर्ष प्रस्तुत किया था उस से खास तौर से गरीब तबके के लोगों को बहुत राहत पहुंची है और यह आशा बंधी है कि देश का गरीब तबका, खास तौर से वह तबका जो गरीबी की रेखा के नीचे है उस की स्थिति में आमूल चूल परि-वर्तन होगा।

किसी भी वर्ष का बजट देश की पांच वर्ष में आने वाली स्थिति क्या है उस का एक अंग होता है। होना यह चाहिए कि सन् 2000 में हमारे देश की क्या आबादी होगी, क्या हमारी परिस्थितियां होंगी, क्या हमारी आवश्यकतांएं होंगी उन को ध्यान में रखते हुए हमें पंचवर्षीय योजना तैयार करनी चाहिए और उसी हिसाब से हमें वार्षिक बजट भी अपना तैयार करना चाहिये। किन्तु लगता ऐसा है कि हम अभी तक ऐडहाक ज़िम के चंगुल से मुक्त नहीं हो पाए हैं और उसका परिणाम यह है कि प्रत्येक वर्ष जिस प्रकार हमारी आमदनी और खर्चे में वृद्धि होती चली जाती है उसी अनुपात में बेरोज़गारों की संख्या में भी

[श्री परिपूर्णानन्द पैन्युली]

वृद्धि होती चली जाती है । हम ने इस बात को ध्यान में नहीं रखा है कि जो जन-शक्ति का हमारे यहां साधन है उस को किस प्रकार हम उपयोग में लाकर उस से बेरोजगारी को खत्म करें । अभी तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है ।

मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान उस क्षेत्र की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं जो कि डेफिसिट एरिया समझा जाता है , जहां कि अनाज पर्याप्त मात्रा में नहीं पैदा होता है या नहीं के बराबर होता है । उन क्षेत्रों के विकास के लिए कौन सी योजना आप ने अब तक तैयार की है जो क्षेत्र प्राकृतिक साधनों से सम्पन्न और भरपूर होते हुए भी अभी तक गरीबी की रेखा के नीचे हैं ? मेरा अभिप्राय विशेषकर काश्मीर से लेकर मेघालय तक के समस्त इलाकों से है जहां प्राकृतिक साधन बहुत अधिक हैं, वन सम्पदा है और खनिज सम्पदा है, वहां कैश क्राप्स होती हैं , फल इत्यादि पैदा होते हैं । इस के बावजूद भी उन इलाकों में गरीबी है और उस का मुख्य कारण यह है कि आप ने जो पैटर्न मैदानी इलाकों के विकास के लिए बनाया है गेहूं, चावल, कपास इत्यादि के विकास के लिए वही पैटर्न आप ने हिमालय के क्षेत्रों के लिए भी रखा है और चूंकि वे उन चीजों को पैदा नहीं कर पाते हैं, इसलिए वे पिछड़े हुए हैं । आप ने वहां की परिस्थितियों को और वहां के जो प्राकृतिक साधन हैं, सम्पदा हैं, उस को ध्यान में नहीं रखा है और इसलिए वहां की अर्थ व्यवस्था अब भी ठीक नहीं हो पाई है । प्रत्येक वर्ष हजारों लाखों की संख्या में पहाड़ों से मैदानों की तरफ निष्क्रमण हो रहा है खास तौर से पढ़े लिखे लोगों का । पढ़े लिख लोगों को एजूकेटेड अनएम्प्लायड कहते हैं, मैं तो कहूंगा कि मिस एजूकेटेड अनएम्प्लायड हैं । इसलिए की हमारी परिस्थितियां क्या हैं, किस प्रकार की शिक्षा वहां होनी चाहिए थी ताकि वहां का युवक वहीं ठहर सके और वहां के प्राकृतिक साधनों का उपयोग कर के उस के लिए रोजगार का साधन मिल सके, इस के लिए आपने योजना नहीं बनाई । समस्त हिमालय क्षेत्र के लिए आप बजट में विशेष रूप से इस बात का उल्लेख करें कि किस प्रकार उस की आर्थिक स्थिति को सुधारना है । जिस प्रकार आप गन्ना, गेहूं चावल कपास और मूंगफली इत्यादि के लिए व्यवस्था करते हैं उसी प्रकार समस्त पर्वतीय क्षेत्र में हार्टीकल्चर के विकास के लिए क्या करना है, फारेस्ट डेवलपमेंट के लिए क्या करना है और दूसरे जो मिनरल्स वहां हैं उन के डेवलपमेंट के लिए क्या करना है,इन के ऊपर आधारित उद्योग धन्धे वहां किस प्रकार खोले जांय , इस के लिए आप की योजना होनी चाहिए थी । जब तक आप वहां के लोगों की आमदनी के जरिए नहीं बढ़ाएंगे तब तक आप क्या उम्मीद कर सकते हैं कि जो महंगाई देश में होती है या जो कर आप लगाते हैं उस कर और महंगाई के भार को उठाने के लिए पहाड़ के गरीब इलाके के आदमी सक्षम हो सकेंगे ? इसलिए मास कंजम्पशन की चीजों की कितनी ही वृद्धि करें जब तक लोगों की आमदनी के जरिए नहीं बढ़ाएंगे तब तक वे इस स्थिति में नहीं हो सकेंगे कि सस्ती से सस्ती चीज भी वे खरीद सकें ।

मैं समझता हूं जो टूरिज्म का काम है, पर्यटन का उसको कोर सेक्टर में रखना चाहिए । जहां तक पर्वतीय क्षेत्रों का प्रश्न है, पर्यटन एक उद्योग है । इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सबसे अधिक रोजगार मिलता है । दूसरा कोई उद्योग जो मैदानी इलाके में स्थापित होता है उसमें जितना आप इन्वेस्टमेंट करते हैं उस इन्वेस्टमेंट से वहां पर उतने लोगों को रोजगार नहीं मिलता है जितना कि पर्यटन उद्योग में मिल सकता है । पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन

एक मुख्य उद्योग बन सकता है लेकिन उसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। फुटकर रूप से कहीं कोई होटल खोल दिया या कुछ और कर दिया। इसी के कारण रीजनल इम्बैलेंसेज बढ़ते जा रहे हैं। इसी से क्षेत्रीय विषमता को प्रोत्साहन मिलता है। मैं उम्मीद करूंगा माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान इस ओर अवश्य जायेगा। पहाड़ों में बिजली काफी होती है। वहां पर हाइडल पावर जेनरेट होती है लेकिन वह सब प्लेन्स में आ जाती है। ट्रांसमिशन लाइन में जो खर्चा होता है, बिजली को एक गांव से दूसरे, गांव तक पहुंचाने में वह खर्चा बेकार जाता है। इसके अलावा वहां पर कोई उद्योग-धंधे स्थापित नहीं किए गए हैं इसलिए भी बिजली का उपयोग पहाड़ों में हो नहीं पाता है। पहाड़ों की जो वन संपदा है उसका भी मैदानी इलाकों में इस्तेमाल होता है। पहाड़ों में उसका उपयोग नहीं हो पाता है। इस तरह से पहाड़ों की सारी संपदा मैदानों में आ जाती है। लेकिन अब पहाड़ी क्षेत्रों में जागृति आई है और वहां के लोग महसूस करते हैं, चाहे वे नागालैण्ड के हों, कश्मीर के हों, या उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र के लोग हों, कि हजारों वर्षों से पहाड़ों की सम्पदा मैदानी इलाकों में ले जाई जाती रही है, हमारी हमेशा उपेक्षा की जाती रही हैं इसलिए अब पहाड़ी क्षेत्रों की तरफ विशेष ध्यान जाना चाहिए।

पिछले दो तीन सालों से जो उद्यानपति हैं जो कि सेब का उत्पादन करते हैं वे चाहे कश्मीर, हिमाचल प्रदेश या उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र के हों उनकी बड़ी दयनीय दशा हो गई है। जिस तरह से सरकार ने दूसरी चीजों के लिए प्राइस सपोर्ट और प्राइस गारन्टी की है वैसे ही पहाड़ की कैश क्राप के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। गेहूं को तो आप साल दो साल तक रख सकते हैं लेकिन सेब को 4-6 महीने से ज्यादा नहीं रख सकते हैं और उसके लिए भी कोल्ड स्टोरेज तक ले जाना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में जो स्लैट आ गया है उससे कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों की स्थिति खराब हुई है। उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों की में ओलों से बहुत नुकसान हुआ है, पहाड़ के किसान तबाह हो चुके हैं। उनको बचाने के लिए सरकार की ओर से विशेष कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार को प्राइस सपोर्ट की गारन्टी देनी चाहिए। जिस प्रकार से सरकार ने काटन कार्पोरेशन और दूसरे कार्पोरेशन बना रखे हैं उसी प्रकार से सेब उत्पादन के उद्योग को भी बचाने के लिए कोई निगम की स्थापना करने की बहुत आवश्यकता है।

इसी के साथ ही मेरा निवेदन है कि वृक्षारोपण के बिना इस देश की अर्थ-व्यवस्था ठीक नहीं हो सकती है। यह आप अच्छी तरह से जानते हैं कि वृक्षारोपण की तरफ सरकार का ध्यान बाकायदा नहीं गया है। आने वाले समय में आप देखेंगे कि बाढ़ से देश को कितनी तबाही का सामना करना पड़ सकता है। पहाड़ी क्षेत्रोंमें, नदियों के उद्गम स्थानों पर यदि माम स्केल पर वृक्षारोपण किया जाये तो उससे पहाड के लोगों को तत्काल कुछ रोजगार मिल जायेगा और दूसरी तरफ आप इस देश को तबाही से भी बचा सकेंगे। इसी सम्बन्ध में मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि एक वृक्ष "कल्पवृक्ष" होता है जोकि हिन्दुस्तान के कुछ इलाकों अजमेर और दूसरे स्थानों पर होता है। जो डेजर्ट के इलाके हैं, हमारे राजस्थान के भाई चले गए, शायद अफ्रीका से हजारों साल पहले यह वृक्ष आया होगा। इस वृक्ष की लकड़ी, पत्ते और फल---हर चीज का उपयोग हो जाता है। यह वृक्ष हमारे लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। अफ्रीकी देशों ने इससे मकान तक बनाए हैं। कागज के कारखाने भी स्थापित किए

[श्री परिपूर्णानंद पैन्यूली]

जा सकते हैं। मेरे एक मित्र श्री के० एम० वैद्य ने फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून में इस पर काफी अनुसंधान कार्य किया है। लेकिन सरकार ने इस वृक्ष के सम्बन्ध में अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है। बाढ़ की रोक थाम के लिए हम एफारेस्टेशन की बात करते हैं, वृक्षारोपण की बात करते हैं, इसमें कल्पवृक्ष का विशेष स्थान होना चाहिए।

अन्त में मैं अपने क्षेत्र के सम्बन्ध में एक-दो बातें कहना चाहता हूं—मेरा अपना क्षेत्र ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं। बुन्देलखण्ड को जो पर-कैपिटा एसिस्टेंस मिल रही है, वह मध्य प्रदेश के इलाके से आधी है। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले तथा पहाड़ी क्षेत्र हमेशा से उपेक्षित रहे हैं। उस क्षेत्र के लिये आप जो धन का आबंटन करते हैं, उस का धन के उपयोग की दृष्टि से कोई तालमेल नहीं हो पाता है। मेरे पास इस बात के आंकड़े मौजूद हैं—आप का 53-54 प्रतिशत खर्चा तो इस्टैब्लिशमैंट पर ही हो जाता है। अगर ब्यूरोक्रेसी को पालने के लिये आप वहां धन का आबंटन करते हैं, तो फिर यह मत कहिये कि पिछड़े इलाके के डवेलपमेंट के लिये इतना रुपया खर्च किया है, फिर तो आप यह कहिये कि ब्यूरोक्रेसी को पालने के लिये खर्च किया है। ब्यूरोक्रेसी में भी जिस प्रकार के आफिसर्ज वहां भेजे जाते हैं उनके द्वारा उन इलाकों का विकास नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश के पर्वतीय जिलों में तो सजा-याफता लोगों को अधिकारी बना कर भेज दिया जाता है। परिणाम यह हो रहा है कि आप के द्वारा जो धन का आबंटन हो रहा है, उस का सदुपयोग ही नहीं हो पाया, बल्कि उन्होंने ऐसी नीति अख्तियार की है, ऐसे मुट्ठी-भर लोगों को जन्म दिया है, जिन से वहां की आम जनता बहुत परेशान है। इस लिये मेरा निवेदन है कि केवल धन का आबंटन ही उन क्षेत्रों के विकास के लिये पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां पर ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करना चाहिये—चाहे जंगलों के ठेकेदार हों या पी० डब्लू० डी० के ठेकेदार हों, वहां जनता को सीधा काम मिलना चाहिये, जनता को उस का लाभ पहुंचना चाहिये।

दूसरी बात—पहाड़ों में, इनएक्ससिबिल एरियाज में, जहां आवागमन के साधन नहीं है, जब तक वहां पर कम्यूनिकेशन-लाइन नहीं होगी, तब तक उनका विकास नहीं हो सकता। हमारे रेल मंत्री—पं० कमलापति त्रिपाठी जी कहते हैं कि हम पहाड़ों में इस लिये रेल नहीं ले जा सकते, क्योंकि वहां लाभ नहीं होता है। अंग्रेजों ने जब पहाड़ों में लाइन बनाई थी, तब शायद लाभ होने लगा होगा। एस्टीमेट्स कमेटी और पब्लिक एकाउन्टस कमेटी ने बार-बार कहा है कि इन-एक्सिबिल एरियाज में आवागमन के साधन दिये जायें, तभी उन का विकास हो सकता है, जहां तक सड़कों का सम्बन्ध है—आप कहते हैं कि पहाड़ों में सड़क बनाने पर इतना खर्च हो जाता है कि जितने खर्च में प्लेन में 4 किलोमीटर सड़क बनती है, पहाड़ों में उतने पैसे में आधा किलोमीटर सड़क बनती है। हमारे भाई दरबारी सिंह जी ने भी आप को लिखा था और मैंने भी लिखा था—हेमकुण्ड-लोकपाल तक सड़क ले जायें वह बहुत पिछड़ा इलाका है तथा बहुत ही महत्वपूर्ण इलाका है। हेमकुण्ड लोकपाल के पास ही रूप कुण्ड है—जहां पांचवीं-छठी शताब्दी के बहुत से लोगों के शव दबे पड़े हैं जो शायद कन्नौज से वहां गये थे। उन के नरकंकाल आज भी बरफ में दबे पड़े हैं। अगर आप वहां तक सड़क ले जायें और विदेशी पर्यटकों और पत्रकारों को ले जा कर दिखायें तो यह क्षेत्र बहुत विख्यात हो सकता है।

आप जानते हैं—आदिशंकराचार्य ने देश में चारधामों की स्थापना की थी, जिस

से देश का इमोशनल इन्टीग्रेशन हुआ । उस को आप के प्लानिंग कमीशन की योजना का तो ज्ञान नहीं था कि वहां पर टूरिस्ट हट्स बनाई जायं, लेकिन जिस तरह की व्यवस्था उन्होंने की, उस का परिणाम यह हुआ कि देश के दूर-दूर के भागों से लोग वहां जाते हैं तथा इस से वहां की अर्थ-व्यवस्था में भी आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है । लेकिन आज आप उन को भी ठीक नहीं रख पा रहे है । मैं मुखर्जी साहब से आप के माध्यम से प्रार्थना करना चाहता हूं— आप अपने भाषण में इस बात का आश्वासन दें कि आप पहाड़ी पिछड़े इलाकों के लिये, आदिवासी इलाकों के लिये मंत्रालय की तरफ से ऐसी योजनायें बनायेंगे जिस से उन का शीघ्र विकास हो सकेगा । इन शब्दों के साथ मैं आप को साधुवाद देता हूं और आप के मंत्रालय के कामों के लिये बधाई देता हूं ।

SHRI ARJUN SETHI (Bhadrak): Mr. Chairman, the hon. Minister of Finance in his strategy for integrated rural development asked for systematic utilisation of the water resources for the growth of agriculture as well as for the development of the rural areas. Our Prime Minister's twenty-pomt economic programme also envisages five million hectares of land to be brought under irrigation in the rest of the years of the Fifth Plan. But what is the actual position? The Estimates committee in their 76th reports said:

> "The committee are extremely disappointed at the slow pace of implementation of major and medium irrigation projects. Out of 81 major schemes and 213 medium schemes under construction, only 6 major and 58 medium schemes were completed in the fourth five year plan and the rest spilled over to the fifth plan period."

The reasons are, of course, financial constraints, absence of a close watch on the implementation of the projects and slow implementation of the irrigation schemes. Therefore, it was proposed to set up monitoring organisations for the major as well as medium projects with a view to keep a watch, ascertain the bottlenecks and take expeditious measures for their removal to achieve speedy completion of such projects. But only in six States the monitoring organisations have been set up. At a cost of Rs. 3,000 crores, an irrigation potential of 21 million hectares had been created by the end of the fourth plan. But you will be surprised to know that only in respect of 19 million hectares the irrigation potential has been actually utilised The *Economic Survey* for 1975-76 at page 7, para 3, states:

> "There is considerable evidence that full use is not being made of the irrigation potential that has already been created through past investment."

> "There is considerable evidence it is due mainly to the increase in the food production, as a result of which the prices of essential commodities have come down. But if we neglect the irrigation aspect of agriculture, we will never be able to feed our population which is increasing at an alarming rate. Similarly, the Finance Minister in his paper *Strategy for Rural Development* has said:

> "The idea of reshaping land and water resources in a whole watershed has been tried in isolated projects."

But if I may site an instance in Orissa, there is a command area known as Salandi ayacut command area, which is in fact a medium project started during the second plan and still is lingering on. I request the Minister that the farmers in the command area should be properly educated in time, so that the amount spent on these projects does not go waste due to their inability to utilise the water for the production of foodgrains. In addition, measures for speedy construction of field channels, levelling of land, providing adequate drainage facilities etc. should be done for economic use of water. It is a

[Shri Arjun Sethi]

matter of great satisfaction that because of timely action of the Government, inter-State water disputes are being settled mutually. But I must say that there are still financially feasible projects in the country which need execution to save the people against flood devastation. The hon. Minister of State for Finance comes from my neighbouring State, i.e. West Bengal and he knows the plight of Orissa, especially the district of Balasore which has been the victim of floods, cyclone and sometimes drought also. The State Government has requested the Central Government to take up the Bhimkund Project in the Central sector so that it is executed during the Fifth Plan period. But I am told during the Question Hour that Government has not taken any decision in this ragard and it appears that the project will not be executed during the Fifth Five Year Plan. The State Government is willing to forgo 50 per cent. of its share of the power to be generated at Bhimkund to the Central Government for a period mutually agreed upon. It was also suggested that if the Central Government would have any other conditions for executing the project under the Central sector, this should also be mutually discussed and settled. Therefore, I would request the Minister to inform the State Givernment about this and finalise the scheme for execution.

In the end, I would like to point out one thing which has been revealed in the Report of the Comptroller and Auditor-General for the year 1974-75 regarding export of sugar. Since there is not much time at my disposal, I would like to quote one sentence which reads:

> "For the procurement of 1.07 lakh tonne from the market for exports, Government, in the above milieu, had to pay to the industry Rs. 5.68 crores more than what it would have paid at the price of Rs. 290 per quintal which, having regard to the cost structure, was certified by Government's Chief Economic Adviser as reasonable."

I would like the Minister to see how this amount was paid in excess and let us know the position in this regard.

With these words, I support the Budget proposals.

श्री दरबारा सिंह (होशियारपूर): चैयरमेन साहब, बजट के बारे में, बाहर भी और इस हाऊस के अन्दर भी सब लोगों ने उसकी बड़ी तारीफ की । उसकी बड़ी वजह यह है कि कोई टैक्स इंक्रीज नहीं हुआ और डायरेक्ट टैक्सिज में रिलीफ दी गयी है । यह पहली दफा हुआ है, इसलिए सब लोगों के साथ, इस तारीफ में, मैं अपने को भी शामिल करता हूं । लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इंडायरेक्ट टैक्सिज को भी आपको रेशनेलाइज करना होगा । अगर आप इन को रेशनेलाइज कर दें तब भी आपका प्रोडक्शन बढ़ेगा ।

16.34 hrs.

[SHRI P. PARTHASARATHY *in the Chair*]

बहुत से लोग यहां बोले और जो वे बोले, उनको मैं दोहराऊंगा नहीं । टवन्टी प्वाइन्टस प्रोग्राम के नीचे आपने एक लेजिस्लेशन किया कि लेण्ड्स की सीलिंग के बारे में जल्दी से जल्दी इम्प्लीमेंटेशन हो । आपने सीलिंग भी मुकर्रर कर दी लेकिन फालतू जमीन का जो रकबा है उसके बारे में सही इंफार्मेशन नहीं है । लैंड सीलिंग हमने इसलिए की कि प्रोडक्शन बढ़े और उन लोगों के पास जमीन जाय जो कि उस पर काश्त कर सकते हैं, पैदा कर सकते हैं और देश के लिए कुछ मुहैया कर सकते हैं । हमने यह सब कुछ किया । हम छोटे टुकड़े में, दो-तीन एकड़ के टुकड़ों में हरिजनों और दूसरे लोगों को जमीन देते हैं । जो सरप्लस एरिया आयेगा, उसमें कितनी प्रोडक्शन हो पायेगी,

यह बाद में पता लगेगा । छोटे टुकड़ों में भी हम इंटेंसिव कल्टीवेशन करके ज्यादा पैदा कर सकते हैं, अगर यह है तो उन लोगों को सारी सहूलियतें मिलें, इसके बारे में भी हमें ध्यान देना पड़ेगा ।

मैं मुख्तसर में इंडस्ट्रीज के बारे में कहूंगा । जितनी ये बड़ी इंडस्ट्रीज हैं, बड़े बड़े जो ये इंडस्ट्रियलिस्ट्स हैं इन्होंने सरकार को होस्टिल समझ रखा है । जो इंडस्ट्री खराब हो जाय, उसे सरकार ले ले, वे सरकार के गले डालते जायें । एक हमारे दोस्त ने कहा कि यह इसलिए होता है कि हम इंडस्ट्री वालों को उनकी रिपेअर करने की, बदली करने की इजाजत नहीं देते इसलिए वे सिक हिल हो जाती हैं । अगर ऐसा मामला है तो सरकार जो तजुर्बा कर रही है, उससे उसे नुकसान होने वाला है । आप ऐसी इंडस्ट्रीज को खुद कहें कि वे अपनी इंडस्ट्रीज को सही रखें । आप उनके टारगेट्स फिक्स करें । जो टारगेट्स को पूरा न करें उनको पेनेलाइज कीजिए । यह न हो कि जो बीमार हो जाय वह हमारे होस्पिटल में आ जाय । इससे तो आपका होस्पिटल बढ़ता जायगा ।

आपने जब छोटे टुकड़ों में जमीन बांटी है तो मार्जिनल फार्मर्स के लिए यह इंतजाम नहीं किया कि उनको वक्त पर लोन मिल सके । आपने इंडेटेडनेस खत्म कर दी लेकिन कोई दूसरा इंतजाम नहीं किया । आज साहूकार से भी लोगों को कर्ज नहीं मिलता । आपको कोआपरेटिव्ज बनानी चाहिएं जो 14–15 परसेंट पर कर्जा दे सकें । हमें बड़ी खुशी हुई थी जब आपने बैंकों को नेशनेलाइज किया था लेकिन उस खुशी के साथ अब हमें मायूसी होती है कि बैंक्स ने कर्ज देने को इतना कंवरटम बना दिया है कि सौ रुपया खर्च करके भी सौ रुपया हासिल नहीं कर सकते । आपने इंडेटेडनेस खत्म की तो आपको कोई आल्टरनेटिव इंतजाम करना चाहिए था । आल्टरनेटिव आपने कुछ किया नहीं । अगर आप सारी सरकारों को हिदायत कर दें कि रूरल बैंक्स जो हैं वे जमीन पर लोगों को पैसा दें । इससे आपका काम बहुत आसान हो सकता है । सारी सरकारें ऐसी कापियां बनायें जिसमें यह दर्ज हो कि फार्मर की जमीन कितनी है, किसी को अगर उसने जमीन बेचनी है तो वह भी उसमें दर्ज हो । कितना इंपुट वह लेता है, किस बैंक से लेता है, सब उसमें चढ़ा दिया जाय । इससे आपको फौरी तौर पर मालूम हो जायेगा और आप उसके हिसाब से उसको लोन दे सकेंगे । आज क्या होता है कि दस-दस फार्म बने हुए हैं जो उसे भरने होते हैं और पंखे के नीचे बैठे हुए बाबू उसको कह देते हैं कि यह ठीक नहीं है, इसे ठीक करके लाओ और इसी तरह से उसका सारा वक्त गुजर जाता है और इंपुट लेने का सारा समय चला जाता है । इस किस्म के बेदर्द लोग वहां बैठे होते हैं कि कर्जा देने के बजाय वे उन्हें खराब करने की कोशिश करते हैं । इससे क्या होता है कि वह पैदावार नहीं कर पाता और वह घाटे में हो जाता है । आप शहरों से पकड़े हुए आदमियों को रख लेते हैं जो देहात की हालत को नहीं जानते हैं । उनको किसान की हालत का पता नहीं होता है । देहात का प्रोडक्शन पहले कौन भेजने वाला होता है ? सब से पहला मार्जिनल और स्माल फार्मर होता है । वही मंडियों में सब से पहले लाता है । उसको एनकरेज करने के लिए आपके पास कोई मैजर्ज हैं ? कोई नहीं है । अगर उसको आप एनकरेज नहीं करेंगे तो आपका प्रोडक्शन धीरे धीरे कम होगा । मुझे खुशी है कि इस साल 11.4 करोड़ टन पैदावार होगी । लेकिन आपके हैंडलिंग चार्जिज बहुत अधिक हैं । इनको आप को कम करना चाहिये । व्यापारों पर आप छोड़ते हैं तो उसका खर्च 15–16 रुपया पड़ता है एक क्विंटल पर । आटा 28–29 रुपयों क्यों आता है ? इस वास्ते आता है कि आप पालिसी बनाने में देरी करते हैं । गेहूं या चावल या धान

[श्री दरबारा सिंह]

आने के एक महीना पहले आपको तय कर लेना चाहिए कि हमारे ये ये एरियाज डेफिसिट एरियाज हैं और ये आप के जहन में होने चाहिये, यह आपको पता होना चाहिये कि यहां यहां कमी है और जब आपको पता होगा तो आप ऐसी व्यवस्था कर सकते हैं कि मार्किट से नकिड ग्रेन खरीद करके फोरी तौर पर उसे वहां पहुंचा दें जहां उसकी एक दो महीने के बाद जरूरत पड़ेगी। जब आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपका हजारों नहीं लाखों रूपया फिजूल खर्च हो जाता है। तभी नैकिड गेहूं भेजा जा सकता है। बोरों का जो पैसा है लाखों नहीं करोड़ों बचाया जा सकता है।

मुझे खुशी है कि प्राइसिज एक दम क्रैश डाउन हुई हैं। लेकिन किस चीज की हुई हैं। खेत में निकलने वाली सब चीजों की हुई हैं। मुझे इसका दुख भी नहीं है। लेकिन जो मैनुफैक्चर्ड गुड्स हैं उनकी कीमतें वहीं खड़ी हैं। उनमें कमी क्यों नहीं हुई है? जो इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन है, जरूरियाने जिन्दगी के साथ जो वावस्ता दूसरी चीजें है वे वहीं की वहीं खड़ी है। उनकी भी आप कम करें। ट्रैक्टरों की कीमत साढ़े हजार आपने कर दी है। बहुत ज्यादा इस पर टैक्स लगा दिया है। कौन किसान खरीद सकेगा इनको? कौन ले जा कर इसका इस्तेमाल कर सकता है। कल पुर्जों की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। अगर मैं चार क्विंटल पैदा करूं और उनको बेच करके कपड़ा लेने के लिये जाऊं, अच्छा कपड़ा जो पहनने लायक हो, मेरे लिए भी वह नहीं आएगा, घर वालों के लिए क्या करूंगा। हमारी प्रोड्यूस की कीमतें आप न बढ़ाएं। लेकिन साथ साथ जो दूसरी लिसेसेटीज आफ लाइफ हैं, जो दूसरी मुताल्लिका चीजें हैं उनके दाम भी तो आप घटाएं।

फर्टिलाइजर की कीमतें आपने अब कम की हैं। पहले लोगों ने इसको जब इस्तेमाल किया तब कम नहीं हुई थीं। इनको आप और घटाएं। इनपुट्स जितनी हैं उनकी सब की आप जब तक कीमतें नहीं घटाएंगे तब तक आप 105 या 104 रुपये स्पोर्ट प्राइस देते रहेंगे। हम कहते हैं कि ऐसा काम आप करें कि इस सपोर्ट प्राइस की ही जरूरत न रहे। यह जरूरत तब नहीं रहेगी जब आप रुल्ट कर देंगे मार्किट में उन चीजों का जो चीजें जो पैदा करने वाला किसान है उसकी जरूरत की है या जो उसके साथ, उसकी इकोनोमी के साथ बंधे हुए लोग है उनकी जरूरत की हैं। ऐसे बंधे हुए लोग 75 परसेंट है। हम नहीं कहते हैं कि आप प्राइस बढ़ाएं। आप बेशक प्राइस कमिशन में उन लोगों को रखें जिन को यह पता नहीं होता है कि गंदुम का मिट्टा ऊपर लगता है या जमीन के नीचे लगता है। सपोर्ट प्राइस भी आप जो चाहते है तय करें। लेकिन दो तरफा बात नहीं हो सकती है। एक तरफ आप किसान की कीमतों को घटा दें और दूसरी तरफ उसके काम की जो चीजें है वे वहीं खड़ी रहें। यह नहीं होगा। इस साल में इंडस्ट्रियल गुड्स की कीमतें भी आपको कम करनी होंगी और यह कोशिश करनी होगी कि हमारी इकोनोमी में बैलेंस स्थापित हो सके।

मैं यह कहना चाहता हूं कि पहले तो लैंड-लार्डज हुआ करते थे, लेकिन अब लैंडलार्डज नहीं हैं, अब तो मनी लार्डज हैं। आपने काफी कोशिश की है। लोगों ने जो वालेंटरी डिस्क्लोजर किये हैं, वह बहुत अच्छा है, आपकी स्ट्रैटेजी ने ठीक काम किया है। उसकी वजह से करोड़ों रुपया निकला है और उसका अब सही उपयोग होगा। उसके साथ साथ सरकार ने रेंड्ज भी की है, जिन पर कोई हाथ नहीं डालता था, जो

बड़े-बड़े महलों में रहने वाले थे, उन पर आपने हाथ डाला है। इसकी जितनी तारीफ की जाये, उतना अच्छा है।

इसके साथ-साथ आपने ऐसे एक्शन भी लिये हैं जिनसे इकनामी ठीक हो। मेरा कहना यह है कि जो नान-रैजीडैंट्स हैं, जो यहां पर रुपया जमा कराना चाहते हैं, फारेन-एक्सचेंज भेजना चाहते हैं, उसके बारे में भी कुछ करना चाहिये ताकि वह सुविधा हो सके। आपने और बहुत सहूलियतें दी हैं, इसमें भी कुछ करना चाहिये।

हमारे पाई साहब ने बड़ा अच्छा बयान दिया है, उसमें उन्होंने एक से लेकर 10, 20 चीजों पर छूट दी है इंडस्ट्री में। मैंने एक ही सवाल किया था कि ट्रैक्टर की कीमत क्यों नहीं घटाते हैं। उन्होंने कहा था—

I assure the Member that the price will not be increased next year.

यह जवाब नहीं है। हम चाहते हैं कि उसकी कीमत आधी करें। क्यों नहीं कर सकते हैं, क्या वजह है? कई लोगों के रिश्तेदार और दोस्त बाहर इंग्लैंड वगैरा में रहते हैं वहां से वह इम्पोर्ट करना चाहते हैं। वह आपकी इकनामी को बचाना चाहते हैं। वहां से वह पौंड वगैरा खर्च कर के भेजना चाहते हैं। आप उस पर टैक्स लगा दें, तो वह कैसे मंगा सकते हैं, आपने इसको बंद कर दिया है।

एग्रीकल्चर के इनपुट्स के लिये जो सहूलियतें चाहियें, वह देनी चाहियें। सरकार जब भी वह दे सके वह दे। मैं यह नहीं कहता कि अपनी इकनामी को शैटर कर के यह सहूलियतें दीजिये लेकिन इकनामी तो उन लोगों के जरिये शैटर होगी जो बड़े-बड़े कारखानेदार हैं, जो सरमाये को छिपाये बैठे हुए हैं। आप उनकी बैलेन्सशीट्स की देखें कि वह कितना रुपया दबाये बैठे हैं। सरकार ने इन्कम टैक्स पर तो हाथ डाला है, लेकिन उसको उनकी बैलेन्सशीट्स पर भी हाथ डालना चाहिये। जो 100 या 125 घर अभी तक इस काम में लगे हुए हैं, उनकी इस बात पर विश्वास न करें कि इस दफे बजट अच्छा है। उनको यह बजट भाता है, क्यों कि इसमें उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया गया है।

हम चाहते हैं कि मुल्क के किसी हिस्से में कंसन्ट्रेशन आफ इंडस्ट्री न हो। कुछ सूबों में बहुत ज्यादा इंडस्ट्रीज लगाई जा रही हैं। इस तरह से हमारी अन-एम्पलायमेंट दूर नहीं होगी।

ट्यूब रेलवे और मिनी बम्बई बनाने पर करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है। क्यों नहीं वह रुपया डाइवर्ट कर के छोटे-छोटे कस्बों के नजदीक एग्रो-इंडस्ट्रियल काम्प्लैक्स बनाने पर खर्च किया जाये? इस तरह से अन-एम्पलायमेंट को दूर करने की कोशिश की जाये ताकि लोग अपने घर पर रह कर ही अपनी रोटी खा सकें।

जमीन के बारे में कुछ नई प्राबलम्स सामने आ रही हैं। हम हरिजनों को एक-दो एकड़ जमीन दे सकें तो वह ठीक है, लेकिन उससे कोई इकनामी यूनिट नहीं बनता है, उससे परिवार का पेट नहीं पाला जा सकता है। सरकार 3 परसेंट हरिजनों को जमीन दे रही है, लेकिन 97 परसेंट हरिजनों में टेंशन बढ़ रही है कि हमारा गुजारा कैसे होगा।

20 प्वाइंट प्रोग्राम के लिये सिर्फ यही नहीं है कि वह कागज पर ही रहे और अखबारों में आ जाये, या किसी अखबार के कोने में छपी तस्वीर में आ जाये। सरकार को कोई एक्शन ओरिएन्टेड प्रोग्राम बनाना चाहिये और स्टेट्स की एकाउन्टेबिलिटी फिक्स करनी चाहिये।

इसके अलावा एग्रीकल्चर को भी कान्करैंट सबजैक्ट बनाना चाहिए। स्टेट्स को सैंटर की तरफ से रुपया दिया जाता है और उनको सीलिंग के बारे में कुछ जनरल हिदायतें दी

[श्री दरबारा सिंह]

गई है। लेकिन उसमें उन्होंने बहुत सी सपहील रखी हुई हैं जो कि अपने लिये, अपने आदमियों के लिये और अपने हेल्थ के लिये रखी हुई हैं। छोटे आदमियों का गला घींट दिया गया है, जिसकी 19 एकड़ जमीन है, उसको काट दिया गया है लेकिन जिसकी 100 एकड़ है, उस पर हाथ नहीं डालते हैं। । दूसरी तरफ एक सूबे में 18 एकड़ की सीलिंग रखी गई है, लेकिन दरिया के दूसरी तरफ, जहां उस से अच्छी जमीन है, 35 एकड़ की सीलिंग रखी गई है। यह बात गलत है और यह डिसक्रिमिनेशन है।

आर्टिसन्ज को छोटी-छोटी काटेज इंडस्ट्रीज खोलने के लिए सहूलियतें देनी चाहिए। सरकार उन को कोई बड़ा धंधा नहीं दे सकती है, और छोटे धंधे के लिए कोई सहूलियत नहीं दी जाती है। गवर्नमेंट को कोई आर्गनाइजेशन बना कर उन लोगों को कर्ज वगैरह की सहूलियतें देनी चाहिए, ताकि वे लोग काटेज इंडस्ट्री या स्माल-स्केल इंडस्ट्री शुरू कर सकें।

फूडग्रेन्ज का 8 परसेंट चूहे खा जाते हैं, इन्सेक्ट खा जाते हैं या चूहे की हिफाजत करने वाले खा जाते हैं। अगर इस 8 परसेंट को कम कर के 2 या 3 परसेंट कर दिया जाये, तो हमें बाहर से अनाज नहीं मंगाना पड़ेगा।

हमारे यहां कोयला काफी मिकदार में ऐवेलेबल है। इसलिए थर्मल प्लांट लगा कर बिजली पैदा की जाये, जिससे इरिगेशन करने, कारखाने लगाने और प्रोडक्शन को बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी।

इकानोमिक पावर की कानसेन्ट्रेशन नहीं होने देनी चाहिए। कैपिटल को दो चार जगह जमा नहीं होने देना चाहिए, बल्कि उस को तमाम हिन्दुस्तान में स्प्रेड ओवर होना चाहिए। इस से ही हमारा भला हो सकता है।

मुझे उम्मीद है कि मिनिस्टर साहब इन तमाम कमियों की तरफ ध्यान देंगे। मैं समझता हूं कि इस दफा का बजट पिछले बजटों से बेहतर है।

श्री मोहन स्वरूप (पंजीत) : सभापति महोदय, मैं आप का आभारी हूं कि बहुत इंतजार के बाद आप ने मुझे बोलने का मौका दिया।

हमारे देश की इकानोमी तभी ठीक हो सकती है, जब कि अमीर और गरीब के बीच की खाई को पाटा जाये। मुझे खुशी है कि प्रधान मंत्री के 20-सूत्री कार्यक्रम से बहुत आशा बंधी है। इस के अन्तर्गत लाखों भूमिहीनों को भूमि मिली है, लाखों हरिजनों को, जिन के पास मकान नहीं थे, मकान दिये गये हैं, लोगों को सूदखोरों से निजात मिली है और जो लोग बांडिड लेबर के तौर पर काम कर रहे थे, उन को भी राहत दी गई है। देश में जो एक नया वातावरण पैदा हुआ है, उस को जारी रखना चाहिए और देश के विकास के लिए उस से फायदा उठाना चाहिए। जैसा कि श्री दरबारा सिंह ने कहा है, 20-सूत्री कार्यक्रम केवल कागजों पर ही नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन को पूरी तरह इम्प्लीमेंट किया जाना चाहिए।

बहुत से ट्रक-ओनर्ज को फिनांशर्ज से कर्ज लेना पड़ता है। फिनांशर्ज उन लोगों से तीन स्टैम्प पेपर्ज पर दस्तखत करवा लेते हैं और उन को रुपया दे कर उस पर 24 परसेंट सूद लगाते हैं। वे उन लोगों को बुरी तरह से लूटते हैं। मैं चाहता हूं कि वित्त मंत्रालय इस बारे में कड़ी कार्यवाही करे। वे लोग रिजर्व बैंक से लाइसेंस ले कर यह काम करते हैं। यह जरूरी है कि उन के काम करने की प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन करके लोगों को उन की लूट-खसूट से बचाया जाये।

इस सदन में, और बाहर भी, टैक्स इवेजन का बहुत जिक्र होता है। बतलाया जाता है कि

550 करोड़ रुपये का टैक्स बाकी है, जो वसूल नहीं किया गया है। अभी जो सरकार की तरफ से स्टेप उठाए गए वे बड़े सराहनीय हैं। इस से करोड़ों रुपया बाहर आया है। अभी वित्त मंत्री जी ने कहा है कि जो टैक्स इवेड करते हैं उन के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया जायेगा। मैं भी इस का हामी हूं कि उन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए लेकिन जो लोग टैक्स वक्त पर दे देते हैं और कुछ छिपाते नहीं हैं उन को कुछ इंसेंटिव, कुछ राहत, कुछ छूट भी मिलनी चाहिए जिस से उन को आगे के लिए प्रोत्साहन मिले।

अब सवाल स्मग्लर्स का आता है। स्मग्लर्स ने देश में एक बहुत बड़ी एम्पायर सी बना रखी है। यह ठीक है कि पिछले दिनों में स्मग्लर्स को पकड़ने के लिए बहुत से स्टेप्स उठाए गए हैं और बहुत से स्मग्लर्स बंद हैं। लेकिन कुछ ऐसी चीजें हैं जिन को सरकार करे तो स्मग्लिंग कम हो सकती है। मिसाल के तौर पर दो चीजें हैं—एक तो गोल्ड है और दूसरी अफीम है। ओपियम और गोल्ड की स्मग्लिंग ज्यादातर होती है। हमारे बरेला जिले में ओपियम का बहुत बड़ा सेंटर है। ओपियम जो काश्तकारों से लिया जाता है वह 130 रुपये प्रति किलो लिया जाता है और गाजीपुर के कारखाने में साफ कर के गवर्नमेंट उस को 600 रुपये में बेचती है। मेरा सुझाव है कि 130 के बजाय काश्तकारों को 300 रुपये उस के दाम दिए जायें जो कि स्मग्लर्स 1 हजार और 1200 के भाव में बेचते हैं। इस से काश्तकारों को कुछ फायदा हो जायेगा और जो स्मग्लिंग की प्रवृत्ति है उस में भी कुछ कमी आएगी। इसी तरह गोल्ड हमारे यहां 600 रुपये पर-तोला के हिसाब से मिलता है जब कि यूरोप और नेपाल में ढाई सौ से 300 रुपये प्रति तोला वह मिल रहा है। तो दुनिया भर की चीजों के दाम घट सकते हैं तो गोल्ड के क्यों नहीं घट सकते हैं। गोल्ड में जो बहुत बड़ा लालच है ढाई तीन सौ रुपये प्रति तोले का फायदा है उस से प्रोत्साहन मिलता है स्मग्लरों को बुरे काम करने के लिए। अगर यह घट जाय तो मैं समझता हूं कि स्मग्लिंग के धंधे में बहुत रुकावट हो सकती है।

एक चीज और है। एक्साइज ड्यूटी और सेल्स टैक्स का मामला है। इस को वसूल करने के लिए बहुत बड़ा डिपार्टमेंट खुला है जो कि चेकिंग करता है और उस को एसेस करता है, फिर उन से वसूल करता है। मैं सुझाव दूंगा कि एक्साइज ड्यूटी और सेल्स टैक्स जो प्रोडक्शन सेंटर है वहां पर लगे। जैसे कपड़ा मिल में कपड़ा होता है तो मिल में ही एक्साइज ड्यूटी और सेल्स टैक्स उस पर ले लिया जाय। ऐसा करने से एक तो सरकार को वसूल करने में दिक्कत नहीं होगी और दूसरी तरफ जो खाते खुलते हैं और सैकड़ों अफसर घूमते हैं एक्साइज ड्यूटी और सेल्स टैक्स वसूल करने के लिए उन में भी कमी हो जायेगी। उस में दूकानदारों को और दूसरे लोगों को भी दिक्कत नहीं होगी हिसाब किताब रखने से। तो वित्त मंत्रालय एक्साइज ड्यूटी और सेल्स टैक्स प्रोडक्शन प्वाइंट पर ले आए और वहीं से उस को वसूल करे यह मेरा सुझाव है।

एक बात जिस के ऊपर में विशेष तौर से ध्यान दिलाना चाहता हूं वह खेती के मुताल्लिक है। अभी अभी आप ने देखा कि गेहूं के दाम बहुत गिर गए हैं। हमारे उत्तर प्रदेश के बाजारों में गेहूं 80 रुपये से ले कर 95 रुपये तक बिक रहा है जब कि सपोर्ट प्राइस इस की 105 रुपये रखी गई है। ठीक है गल्ले के दाम गिरें, गल्ला महंगा नहीं होना चाहिए लेकिन उस के साथ साथ और चीजों के दाम भी गिरने चाहिए। किसान के इनपुट्स और कन्ज्यूमर गुड्स के दाम भी गिरने चाहिए। ट्रैक्टर्स के दाम घटाने की बात वित्त मंत्री ने कही है लेकिन और चीजों के दाम भी घटने चाहिए। मेरा सुझाव है कि खेती से उत्पादित चीजों में और कारखाने

[श्री मोहन स्वरूप]

से उत्पादित चीजों में एक समन्वय होना चाहिए, एक रशियो होना चाहिए हमारी परेशानी यह है कि जो चीज किसान बेचने जाता है उस के दाम कम मिलते हैं और जैसे सरदार सिंह जी ने कहा कि चार किलंटल में भी उस के कपड़े के दाम नहीं निकल सकते हैं, तो यह बात बिलकुल सही है कि जो चीज किसान बेचने जाता है वह तो सस्ती है और जो चीज वह खरीदता है वह उस को महंगी मिलती है। इस से किसान तबाह हो रहा है और उस की जो एकोनामिक कंडीशन है वह बराबर गिरती जा रही है। इसलिए मेरा सुझाव है कि किसा के हित मे इस दिशा में कुछ न कुछ किया जाना चाहिए क्योंकि अगर किसान बरबाद हो जायगा तो मैं समझता हूं कि देश बरबाद हो जाएगा। 80 फीसदी लोग गांवों में रहते हैं जो कि सारे के सारे किसान हैं। गन्ने का मामला भी काफी दिक्कत का रहा है। अभी मेरी कांस्टीटूएन्सी मे, बरेली जिले मे ऐसी दो चार मिलें हैं जिन्होंने पिछले साल का किसानों का पैसा नहीं दिया है। ऐसी ही कितनी मिलें हैं जिन पर पिछले साल का करोड़ों रुपए का बकाया है किसान अपना गन्ना उनको दे चुके हैं और अब अपने पैसे के लिए परेशान हैं। आये दिन उनको पैसे की जरूरत पड़ती है लेकिन जब वे जाते हैं तो उनको पैसा नहीं मिलता है। इसलिए मेरी डिमांड है कि किसानों का जो करोड़ों रुपया गन्ना मिलों पर बकाया है उसको वापिस दिलाने की शीघ्र व्यवस्था की जाये। मैं तो यहां तक कहता हूं कि अक्सर जो मांग होती रही है कि शुगर इंडस्ट्री को नेशनलाइज किया जाये उसके लिए अब समय आ गया है। शुगर इंडस्ट्री का नेशनलाईजेशन होना चाहिए और किसानों की जो खराब हालत है उसको सुधारना चाहिए।

17 hrs.

अभी यहां पर पिछड़े इलाकों की उन्नति के लिए जिक्र किया गया। इलाहाबाद से मेरा पीलीभीत जिला भी पिछड़ा हुआ जिला है। इसी प्रकार हमारे उत्तर प्रदेश में 22 पिछड़े हुए जिले हैं। आजादी प्राप्त किए 25-26 साल हो गए लेकिन अभी तक हमारे जिले में न कोई अच्छे ढंग के कारखाने लगे और न ही कोई रोजगार के साधन मोहैया हुए। अभी भी ज्यों की त्यों हालत चल रही है। हमारे मालवीय जी ने जिक्र किया था कि पीलीभीत में कुछ तेल स्ट्राइक हुआ है और उसकी खोज का काम अगस्त, सितम्बर तक शुरू होगा। मैं चाहता हू पिछड़े इलाकों मे कुछ अधिक काम होना चाहिए और उनको उन्नतशील बनाने की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

यहां पर हमारे मित्रों ने रूरल बैंक्स और क्राप इश्योरेन्स का जिक्र किया है। मैं भी इसका हामी हू। उनकी आवाज के साथ मैं भी अपनी आवाज मिलाना चाहता हूं। अब समय आ गया है जब क्राप इंश्योरेन्स की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही साथ रूरल बैंक्स की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा तरक्की करने का मौका मिले। हमारे देश की उन्नति दो बातों पर निर्भर करती हैं। एक तो कृषि का उत्पादन बढे और साथ ही दूसरे सेक्टर्स मे भी उत्पादन बढे। जहां तक का खेती सवाल है, खेती के उत्पादन की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिए। खेती का प्रोडक्शन बढाने के लिए आवश्यक है कि जो उसके इनपुट्स हैं वह मोहैया किये जायें। किसान खेती करना जानते हैं, खेती कर सकते हैं और प्रोडक्शन बढा सकते हैं लेकिन दिक्कत यह है कि खेती के जो इनपुट्स हैं वह बहुत मंहगे है। अगर इनपुट्स सस्ते हो जायें और ऐसी हालात हो जायें कि खेती करने वाले आगे बढ सकें तो किसान कभी पीछे नही रहेंगे।

इसी प्रकार से दूसरे सेक्टर्स में भी प्रॉडक्शन बढ़नी चाहिए । तभी जाकर हमारी आमदनी ज्यादा होगी, तभी हमारा देश तरक्की करेगा । इसी तरीके से सरकार को एक्सपोर्ट प्रमोशन की तरफ भी ज्यादा ध्यान देना चाहिए । तभी जाकर हमारा देश उन्नतीशील हो सकता है ।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और फाइनेंस बिल के जो प्राविजन हैं उनका समर्थन करता हूं ।

SHRIMATI ROZA DESHPANDE (Bombay Central): After the declaration of the 20-point economic programme which was an attack on the feudal relations in this country, we had expected something more from the Finance Ministry and its policy in relation to the industrial sector in this country.

We know that, before the declaration of Emergency, a crisis was brewing, there was price rise, there was the problem of unemployment; all kinds of problems were created by the vested interests in this country. Emergency had to be declared because the anti-national elements were taking advantage of the economic situation in this country.

It was said that this was a Budget which would try to bring about a miracle performance and with the grant of some concessions, the industrial sector in this country would boost up the production. That was what the Finance Minister intended and, with this intention, they had given a lot of concessions to the industrial sector in this country. In fact' it was expected that, with the attack on the feudal relations in this country by the declaration of the 20-point programme, the monopolies in the industrial sector would be attacked and if not attacked, they would at least be curbed. But what we find is that they have been given concessions. Even with these concessions the expectation was that there would be more investment in the industrial sector. But what we find today is that the investment in the industrial sector has not increased to our expections; the prices of the consumer goods have not been brought down. As Mr. Darbara Singh pointed out, the agricultural products have not come down. Take, down; the procurent prices could be fixed. But the prices of industrial products have not coe down. Take, for instance, cloth. The future of the cloth or textile industrial is at stake in the hands of big monopolies. I know Government has taken to the policy of nationalisation. When we started it, we were attacked by the reactionaries in this country that the nationalisation of banks, nationalisation of coalmines and others, every thing was going to fail, but it did not. With whose cooperation? It was with the cooperation of the workers. Now, look at your policy of giving encouragement to the industrial sector. What has happened to the prices of cloth? Have they been brought down? You have given them a lot of cocessions—this rebate that rebate and so on. With all these the prices of cloth have not come down. How are you going to bring down the prices? You hace given them the concession of not producing the standard cloth They will be exporting nylon, trylon, etc. But have the prices of good, durable cloth wchich the common man wants come down? They have not.

[Shrimati Roza Deshpande]

Government has taken over some mills under the National Textile Corporation. It is a good thing. We are adopting the policy of putting up the public sector in every industry to fight the monopoly sector. We are trying, we will be able to succeed to some extent. We have done some work. But we do not want to spend 20 years in trying this experiment. In fact, we have good opportunity now. Why have you not taken over the whole textile industry? You could have. Otherwise, how are you going to prevail on the monopolies? They are not interested in improving the state of the economy in this country. They are interested only in their profits. Their profits have not gone down. You have cut the bonus. You also want to implement the compulsory deposit and all that. You are attacking the working class whose cooperation you want. But at the same time, you are not attacking the monopoly sector in this country. That is where the shoe pinches. You can look at the production and prices of drugs, you can look at the production and prices of cloth, you can look at the production and prices of sugar—all these commodities are very essential to a common man in this country. I would like to know from the Finance Minister, what their policy is and how they are going to bring down the prices of these commodities. Is there any other way except by giving large concessions to the monopoly groups? Do you think that this is the only way by which you will be able to increase the production and at the same time bring down the prices of these commodities? I feel that the only way is to nationalise all these sectors which produce essential commodities like cloth, sugar and drugs.

We know, how the multi-nationals are operating in the drug industry? you cannot catch them. They have various loopholes to avoid you and they know how to deal with your officers and bureaucracy. The only way to bring down the prices of the drugs and to make them available to the vast population of this country was to nationalise the multi-national companies. On the one hand you are saying that the third world must fight out the multi-nationals and must get the knowhow, but there is no knowhow to be taken from these multi-nationals. There are so many other countries which can give you better knowhow than these imperialist multi-national companies can. We can go to the socialist countries and the third world countries. Here in India, why cann't we take over multi-national companies like Pfizer and Glaxo? What is your policy ultimately?

We in this House and outside always say that the agricultural production should go up and it is good that you are distributing land to the landless people, but what about the appliances, what about the fertilizer? Their prices have to be brought down. There again, the monopoly houses come in the picture. So, I plead that the only answer to this would be to attack the monopoly houses and not give them more concessions.

I find that there are certain good things in the budget You have attacked the tax-evaders, you have collected some money and you are continuing with your attack on them I really compliment our Finance Minister for having taken such steps.

Now, the 20-Point Programme on the agriculture side is not moving fast, you have not only to go to the grass-root level, but you have also to act. It is not possible for one party, one individual or one bureaucrat sitting there as a magistrate to implement the provisions regarding land distribution. We have read in

the papers that this programme is not moving fast, because you cannot catch hold of the landlords, they have already distributed their land to avoid ceiling. There appeared a news item in Blitz some time back that the great house of Sarabhais who have their lands and buildings at Shahibag in Ahmedabad and in Gujarat have transferred these to the trusts to escape the provisions of the ceiling law. How are you going to attack them? They know the loopholes. The main thrust in the budget and the policy should have been to attack the monopolists and these industries and to strengthen the public sector.

In order to strengthen the public sector, we should take the cooperation of the workers and not attack them. You have extended the compulsory deposit scheme by one year. How much money you are going to collect by this way? Nothing. But now prices are going up. On the other hand, you have prolonged the Compulsory Deposit Scheme once more. Workers are not getting bonus Again you say, 'We expect the fullest co-operation of the workers in this country. Are you putting behind bars these people who are giving layoffs and still close down the mills and factories? Look at Jalan, the great man. Everybody knows and still one company in Bombay is closed down for the last 5 years. They cannot re-open. There is another unit. It is also closed down. The Apex body gives a unanimous decision and the Labour Department in Maharashtra says, 'We cannot do it.' Can you not put these fellows behind the bars? You cannot, because you are still hoping and you have hopes against hopes that these industrialists are going to put in and they are going to invest more money and increase the production. And I do not know who is going to bring down the prices of sugar, cloth and medicines. I feel that though there are certain good steps taken by the Finance Minister, there is a need to improve the relations between the Government and the workers in this country. You have to co-ordinate. On the one side you try to improve the conditions of agriculture in our country and on the other side you go on and go on helping the industrialists. Go and help the workers. Have more faith in the workers and you see that even if you nationalise all these industries, I am sure the workers in this country are going to help you and they are the only people who will come to your help.

The last point I would like to mention is about the attack on the LIC workers. It is a pity and I do not know what the Government is doing. Are they putting forward an example before the industrialists in this country to flout an agreement entered into between the employers and the employees by bringing forward such a Bill against the LIC workers? I think the Finance Minister once again should think about implementing and honouring the agreement which they have entered into with the LIC workers I think they are the people who are to be honoured—the workers in this country. In the public sector also you need their help and I think that everybody in this House unanimously requested the Finance Minister to think over and to rethink about this Bill about LIC workers.

A word about the Development Officers in LIC. I think their status is being changed and they have made representations to the Finance Minister and I request the Finance Minister to think over it.

SHRI CHAPALENDU BHATTACHARYYIA (Giridih): We certainly support the Finance Bill as we supported the Budget because of its particular merits of pragmatism and because we think that this Budget, through the fiscal and monetary measures, is going to propel our economy towards the goal of growth, social justice and self-reliance.

[Shri Chapaleudu Bhattacharyya]

I would not labour on the shattered dreams of so many Plans, the two sector models, the input and output models which always laid a critical path to follow and the road was so complicated with costrnaints that our actual performance was a distant echo of the plan model and of growth itself. Now, the condition has changed. The approach has been pragmatic. We have come down to the ground as it were and there is an optimisation model. If that is taken with the new economic programme of the Prime Minister and the actual performance of the economy, I am quite sure that we are now launched on a sure course when we shall make the grade. What are the perspectives? We know the balance of payment deficit is large but in the components, like fertilizer, we will be self-sufficient by 1978. With the single largest component on oil the deficit would be curtailed by 50 per cent by 1980. If we have foodgrains production as we had in the previous seasons, the food imports would be a thing of the past and the total balance of payments deficit of Rs. 2,000 crores would be taken care of. This is the perspective which is opening up before us.

We have dramatic discoveries of bauxite deposits, of copper, which cost us and on which we have had to pay for imports through our nose and we have launched on the course of exporting them. The Kudramukh plant, the aluminium plant—half a million tonnes—all these are the base for future advancement. But still we have to keep our fingers crossed. I may read out what Mr. Subramaniam himself said last year on this Finance Bill speech—"Whatever action we may take with out monetary policies and fiscal measures, this would completely be undone by tax evasion, blackmarketing, hoarding and smuggling and all the effects which we might be able to bring out by action on other fronts." These forces are not all gone. Some of them have gone underground. As regards the price situation, the rate of inflation has been contained, but as in the case of the British economy from the transition, from Stage III to Stage IV if now we have an inflation on the rebound, if we let go the control or if we are remiss in stringent action against smugglers, blackmarketeers and hoarders, we will be faced with a much more difficult situation. I am quite sure that the approach to these problems has been so effective and pragmatic that this will not evenatuate. Because of this optimisation plan model we could quote various figures which are not necessary now. The volume of money supply, the rate of growth, the balance of payment, the capacity utilisation and so many other factors are all relevant. There are columns of statistics which we could quote. I find in the present transition the things which are now taking place—inflationary stagnation or stagflation and fall in price. It is not necessary to give statistical data in this regard. Because of the time constraint, there are constraints all round. I would like to know more about the phase of economy we are in.

I would like to make some points. We welcome the plan for liquidation of rural indebtedness. Because we are coming to the ground from the micro dynamic models of growth, we are coming to the villages, to the rural base. The small is beautiful; from the macro to the micro level but if we want to give teeth into the policy of helping the rural workers, rural population, to get out of indebtedness into a two crop economy and relative growth, we have to follow up with opening of more rural banks and pump, more rural credit than we have provided for in the present budget. We have found out in our State of Bihar that the food production is significantly correlated with the amount of credit input but the significance of high-yielding varieties of crop with increase in production has not been so, nor in the matter of correlation between irrigational facilities and increase in food production. Knowing our area as we do, we can very well say this, that credit is the crux of the problem there. If

want to take them out of the slough of despondency, the only way is to provide them with more credit. How to increase our savings and investment and thereby our consumption? The only way lies in reducing the bank rates of interest so that investment could be made profitable, including small investments. We are happy that delinking of the rupee with the sinking sterling has at long last taken place for which we congratulate the Finance Minister.

As regards the debt servicing of Rs. 700 crores, the question arises how this came about. In a developing economy, unless the savings rate is high, foreign debt and foreign aid, which leads to increase in consumption, often by Government agencies, create what is called a Rochett effect and the consumption level goes up. Therefore the possibility of growth through higher levels of savings and investment through foreign aid is not realised. This gives rise also to inter-sectoral imbalances. Although the rate of inflation has gone down, there is great scope for improving the distribution system and distribution machinery. Things are not as good in the villages as they may be in industrial centres and in towns, State metropolies or in New Delhi itself. There are many instances which I can quote.

Sir, we are spending Rs. 150 to increase the output of coal by one tonne. Unless we push coal and soft coke into the countryside and save cowdung for agriculture we will have to spend Rs. 2000 per tonne on capital expenditure for thermal power generation, to utilise that one tonne of coal. It is fantastic thing indeed which gives us an Alice in Wonderland picture and we have to think anew of the critical path that is now opening up before us, but with so much of promise.

Sir, Mr. Subramaniam has been very kind in giving many reliefs to so many industries. But, what about the mica industry with sixty per cent load of unemployed workers out of which,—a highly laborintensive industry,—the exchequer has gathered more than Rs. 40 crores in the course of the last ten years? But, neither through diversification nor through subsidisation with the most miserable level of wage of Rs. 1.50 to Rs. 3.50 per week, these two lakhs women mica home splitters have been given any relief. That, Sir, is a matter of conscience and I would urge humbly upon our Finance Minister to take some definitive steps so that this problem may be tackled.

What about the four hundred closed handmade shellac factories in Chota Nagpur belt? The Finance Ministry, which was so stingy in giving permits for import of spare parts, should put its foot down and should insist that they design and fabricate the spare parts in India itself. Only then we can propel our economy and our nation towards technological independence which we so much want.

Sir, I have a small issue. Why waste money on collection of excise duty in Giridih? You are spending ten times more than what you are actually collecting. Why not locate in the district headquarters, an Income-tax Officer? Your revenues will sharply go up; your collections will go up. I suggest that this may be looked into.

Sir, in the end, I support the Finance Bill and once again I request the Finance Minister to kindly consider my two points which I have raised in this disaster area of Giridh and give it the attention it deserves.

SHRI K. SURYANARAYANA (Eluru): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Finance Bill and I want to make a few observations regarding the agricultural development and other allied industries. Particularly, I want to mention one thing. That is about the encouragement given by the Government for the development of co-operative industries in areas where there is a possibility of sugarcane growing.

Formerly, years and years ago when British Government was here, they had constructed several mills with the help of big business people and money-lenders in U.P. and Bihar where there was no possibility to grow

[Shri K. Suryanarayana]

cane with more sugar-content whereas, in States like Gujarat and Maharashtra and in the four Southern States which are giving first class cane and where recovery is also high and where they are paying more taxes by way of excise duty, nothing has been done. Of course, in recent years, there has been an increase in the number of sugarcane factories in the cooperative sector. The number of factories where there is sugar production stands at over 106 during this year. In respect of important operational aspects such as the determination of cane price, provision of bonus to labour, declaration of dividend on the share capital., etc., the sugar factories in various States have tended to adopt different policies and practices. Recently the Tariff Commission has recommended a certain tariff. I do not know the reason why they have recommended that tariff. It still remains a secret. Now, the Government abruptly says, without any reason being known to the public or to the industry or to the growers, that they have changed the price.

Upto the 11th of July, 1975, Andhra Pradesh was given Rs. 149.55 per quintal of sugar supplied by the factory owners. All of a sudden, Government, from 12-7-75, have fixed the levy price of sugar at Rs. 117.48 per quintal. Now, Sir, in South Bihar the yield per acre is 13-14 tons and because they are growing less and the sugar content recovery is 8 per cent the inefficiency has been rewarded. Whereas we have grown more and invested more, the price of levy sugar is only Rs. 117|-; in South Bihar it is Rs. 441. On our representation they have reduced it and from February 1976 instead of Rs. 441 it has come down to Rs. 286. In respect of Andhra the increase is only by Rs. 8|- making it Rs. 125|-. This is the way they are penalising efficiency for the development of, particularly, an agriculture industry.

Sir, we have no objection to nationalisation. Every grower is interested in the nationalisation of sugar industry. I would like to say a word about rice mills also. When Shri Subramaniam was the Food Minister, he gave a modern rice mill to West Godavari district of Andhra Pradesh. I happened to be the President of that cooperative society. That factory was constructed at a cost of Rs. 33 lakhs. Out of this Rs. 33 lakhs, Rs. 30 lakhs was the share of NCDC as loan through State Government and the remaining Rs. 3 lakhs was the share of the society. There is lack of interest at that State level as well as by the Food Department. The State Government is not prepared to give the procured levy paddy to this factory. As a result of this policy, the society has lost Rs. 33 lakhs so far.

Sir, just now, I am coming after attending the Sugar Factories Conference organised by NCDC but in that Conference also nobody replied about the cane pricing policy. Government has been keeping quite about it. The Industries Minister, Shri Pai, was good enough to say that efficiency should not be penalised and inefficiency should not be rewarded. Some vested interests in some political parties are propagating. taking advantage of the sugar policy, that the Government is giving a step-motherly treatment to the Deccan and Southern States where the area is more suitable for sugarcane production. Sir, Mr. Kidwai, when he was the Food Minister, said that if he had the power, he would have shifted all the sugar factories from North to South and some other industries might have been developed in Northern India Sir, the sugar industry directly concerns the farmers and the Government is collecting excise duty worth crores of rupees but they are not using the same for the development of the sugar cane production. The sugarcane production this year is less by 6 lakh tonnes as compared to last year's production. Further, Sir, this is the major industry which is earning a lot of the much-needed foreign exchange

for our country. Sir, I have raised this issue time and again and I would again emphasise that this agro-based industry should be developed further.

श्री राम सिंह भाई (इंदौर): सभापति जी, मैं फाईनेन्स बिल का पूरा समर्थन करते हुए माननीय मंत्री जी को और उनके विभाग को मुबारकबाद देता हूं कि इस वर्ष जैसा बजट हमें देखने को मिला उसे सारे देश की जनता ने सराहा और मैं तो अपने जीवन में पहली ही दफा ऐसा बजट देख रहा हूं । कुछ हमारे विरोध पक्ष के साथियों ने इसकी आलोचना की लेकिन इसका सही पता तो देहातों, शहरों की गलियों और सड़कों पर घूमने पर लोगों की चर्चा से ही चलेगा कि इस वर्ष का बजट कितना अच्छा है । आज मैं यहां पर साहस के साथ कह सकता हूं कि लोगों ने एक तरफ तो प्राईम मिनिस्टर की सूझ बूझ की प्रशंसा की, दूसरी तरफ इमरजेंन्सी की प्रशंसा की और तीसरी तरफ हमारे फाईनेन्स मिनिस्टर की प्रशंसा की है । यह तीनों बातें इस बार थोड़े से दिनों में आम तौर पर देखने को मिली । मैं तो कहता हूं आप देखें कि पिछले वर्ष इसी समय देश की क्या हालत थी । बहुत सी बातें यहां पर कही गई कि यह होना चाहिये, वह होना चाहिये, सब कुछ होना चाहिए लेकिन आप यह क्यों नहीं सोचते हैं कि पिछले 11 महीनों के बीच में कितना परिवर्तन आया है, मैं समझता हूं दुनिया के इतिहास में कहीं भी ऐसा देखने को नहीं मिलेगा । (व्यवधान)

जहां तक मजदूरों का सवाल है मैं भी मजदूर संगठन से जुड़ा हुआ हूं । इन्टक के फाउन्डरों में से हूं। इन्टक को ज्यादा से ज्यादा धन देने वाला पहला व्यक्ति मैं हूं । आज ऐसे समय में मजदूर भी सोचते हैं कि अगर गरीबों का कुछ फायदा होता है तो थोड़ी कुर्बानी हमें भी करनी चाहिए । बंधक मजदूरों को मुक्ति कितना बड़ा भारी काम है? इस को देख कर आंसू आते हैं—जिस देश में हम रहते हैं, उस में कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिन को हमारे बाप-दादाओं के जमाने से ऐसे लोगों को गुलाम बना कर रखा गया । आप सोचिए —आपको भी साहस करना चाहिए अगर हमें इस देश की इकानामी को बढाना और गरीबी को मिटाना है, तो उत्पादन भी ज्यादा बढ़ना चाहिए और हर क्षेत्र में वह उत्पादन बढना चाहिये । आज जितनी भी इण्डस्ट्रीज हों—वे पूरी क्षमता से चलनी चाहिये, लेकिन उस के लिये पैसा चाहिये और पैसे के लिये उद्योग विभाग, कामर्स विभाग, कृषि-विभाग सब फाइनेन्स मिनिस्टर का नाम लेते हैं। इस के लिये माननीय मंत्री जी को भी सोचना होगा और अर्थ-व्यवस्था का विकास करना होगा । अगर स्टाक जमा होता है तो मैं मानता हूं—इस में कोई हर्ज नहीं है । अगर चीजों की कमी के कारण लोगभूखे मरें, वह बुरा है, लेकिन यदि स्टाक जमा हो गया तो उस में कोई बुराई नहीं है। आप का नोट बनाने के कागज का कारखाना है—उस की यूनियन का मैं प्रेजिडेन्ट हूं । हम ने वहां पर डबल प्रोडेक्शन कर दी, आगे और भी बढ़ायेंगे, लेकिन जहां आप के नोट छपते है, देवास मे, वहा जो वह नया कारखाना डाला है, वह मेरी कांस्टीचूएन्सी में है, वहां कुछ भी होने वाला नही है । वहा पर भी औद्योगिक शान्ति रहेगी, उत्पादन बढ़ेगा, उस के लिए आप निश्चिन्त रहिये ।

एक्सपोर्ट की बहुत सी बातें कही जाती हैं । एक्सपोर्ट करने के लिए आप जो इण्डस्ट्री का आधुनिकीकरण करना चाहिये । इस के बिना दुनियां के देशों के सामने एक्सपोर्ट के मामले में हम टिक नहीं सकते हैं । अगर हम चर्खा लेकर बैठेंगे तो काम नहीं चलेगा । घरेलू खपत के लिये आप ग्रामोद्योग और चर्खा चलायें लेकिन विदेशों में कम्पीटशन में टिकने के लिये हमें इण्डस्ट्री का आधुनिकीकरण ही करना होगा । आप उद्योग मंत्री को लेकर बैठें कि जितनी

[श्री राम सिंह भाई]

भी इण्डस्ट्रीज हैं उन का प्रोपर मेन्टेनेन्स होना चाहिये अगर प्रापर मेन्टनेन्स होगा तो उत्पादन भी ज्यादा बढ़ेगा और एक्सपेन्सेज भी कम आयेंगे ।

जहां तक टैक्स की चोरी की बात है-हमारा फर्ज है कि जहां भी राष्ट्रीय टैक्स की चोरी होती हो, उस पर हम पूरा ध्यान दें और उस को मंत्री जी के सामने ला कर रखें । टैक्स चोरी के मामले में आप ने बहुत बड़ा काम किया है । लेकिन जब इण्डस्ट्रीज को देखते हैं, उद्योगों को देखते है, उन में जो टैक्स की चोरी होती है, बड़ी-बड़ी बेनामी शेयर्स, मेरे पास बहुत सारी यह रखी हैं, मैं समझता हूं कि उन पर भी आप को गहराई से विचार करना होगा । मैंने पिछले अधिवेशन में और उस के पहले भी जब चव्हाण साहब थे, 1972 में निवेदन किया था कि ग्रेचुइटी एक्ट बनाने के बाद क्या हुआ? जहां अच्छा प्राफिट हुआ वहां सारी ग्रेचुइटी की पिछली रकम मुनाफे में से निकाल कर खर्च में डाल दी जिस से वे टैक्स से भी बच गये और बोनस के कैलकुलेशन से भी ज्यादा देने से बच गये ।

दूसरी बात-आज ऐसी हालत है कि जो मजदूर रिट्रेन्च होता है या काम छोड कर जाता है या मर जाता है, उस की ग्रेच्युटी की रकम उस को नही मिलती है, कह दिया जाता है कि पैसा नही है । मैंने आप से पहले भी निवेदन किया था कि आप ग्रेचुइटी के बारे में भी एक एक्ट बनाइये, जिस तरह से आपने प्राविडेन्ट फण्ड के लिये ट्रस्ट बनाया है । ट्रस्ट बनाने से यह पैसा आप के हाथ में आयेगा और देश के विकास के कार्यों में लगेगा । मैंने अभी हाल में एक बैलेंससीट देखी तो मैं हरान रह गया, उस में एक करोड़ रुपये के करीब एडवर्टिजमेन्ट्स पर खर्च किया गया बताया है । आप ही बताईये कि क्या आप ने ऐसा कोई कानून बनाया है कि एडवर्टिजमेंन्ट्स पर केवल इतने परसैन्ट खर्च हो सकता है, जहां तक मुझे मालूम है आप ने ऐसा कोई कानून नहीं बनाया है । एक यूनिट इतना रुपया एडवर्टिजमेंन्ट्स पर खर्च करता है तो फिर भगवान ही मालिक है । अगर आप उस के श्रमिकों को 8.33 परसैन्ट के हिसाब से बोनस देने तो मुतेश्कल से 10 लाख रुपये भी नहीं बनते, लेकिन एडवर्टिजमेंन्ट्स पर इस तरह से खर्चा होता है और उत्पादन खर्च में बताया जाता है । श्री मन् मेरे पास ऐसी फिगर्स हैं, मैं आप के सामने उन को पेश कर सकता हूं और यही वजह से उद्योगपति मुझ से डरते हैं । मैं उन की एक कप चाय भी नहीं पीता और सैकण्ड लोक सभा से उन की बलेंस-सीट्स का पोस्टमार्टम करता आया हूं । यह बतला रहा था कि उन्होने ग्रेचुइटी की रकम का खर्च में कैसे डाला अब आप को इस में विचार करना चाहिये और यह देखना चाहिये कि पिछली रकम को कैसे जल्द से जल्द निकाला और श्रमिकों को दिलाया जा सकता है और आइन्दा के सालों में प्रति वर्ष जो मुनाफा हो उसमे से ग्रेचुइटी की रकम कितनी निकलनी चाहिये ।

जहा तक बोनस शेअर्स की बात है- आप ने तीन साल में एक शेअर्स देने की व्यवस्था की थी, अब शायद दो कर दिए है जो रिजर्व में से दिये जाते है । लेकिन उस पर डिवीडेन्ड दिये जाने से बोनस केलकुलशन मे काफी कठिनाई होती है, इस सम्बन्ध मे एलोक बिल प्राफिट क्या होगा और श्रमिकों को बोनस कम मिलेगा इस तरफ भी आप को देखने की जरूरत है ।

सेलिंग एजेन्सी कमीशन यह क्या बीमारी है? इस सम्बन्ध में बेचान का सारा खर्चा और काम कम्पनी को करना पड़ता है किन्तु सेलिंग एजेन्ट का कमीशन, दूसरे एजेन्ट का कमीशन, इस सम्बन्ध मे अन्य सारा खर्चा अलग ऐजेन्टो को कम्पनी देती है । इस सम्बन्ध में फाइनेन्स मिनिस्टर साहब और ला-मिनिस्टर साहब को

विचार करना चाहिये, कि किस किस तरह के डबल खर्च और वह भी कितने परसैन्ट तक कम्पनी पर पड़ सकते हैं तथा वर्तमान कानून में क्या क्या परिवर्तन किये जाने चाहिये।

अब कुछ शब्द में अपनी यूनियन के सम्बन्ध में कहना चाहता हूं---मैं अपनी यूनियन का प्रैजिडेन्ट किन हालात में बना? उस समय आप के कारखाने मे 4 टन रोजाना की प्रोडक्शन होती थी और एक महीने से हड़ताल चल रही थी। चव्हाण साहब ने मुझ बुला कर कहा --"रामसिंह भाई" प्रोडक्शन नहीं हो रही है, नोट नहीं छपेंगे तो काम कैसे चलेगा।" उसी रोज मे वहां गया, एक महीने से चल रही हड़ताल खत्म कराकर, दो आदमी जो अण्डर-ग्राउण्ड थे, उन्हे पुलिस को सौंपा और कारखाने को चालू कराकर आया। आज उस कारखाने में 4 टन के स्थान पर 8 टन की प्राडक्शन हो रही है, 1973 से वहा पर शानदार रूप से काम चल रहा है और कोई मार्का लाल नही है जो वहां हड़ताल करा सके-- यह बात मै दावे के साथ कहता हूं। लेकिन अफसोस यह है जिसे आप ने भी मन्जूर किया और मुखर्जी साहब ने भी मन्जूर किया कि ले-आफ का पैसा जो इण्डस्ट्रीयल डिस्प्यूट्स एक्ट के मताबिक बनता है, वह श्रमिका को मिलेगा, लेकिन 1973 से अभी तक वह नही मिला है। मैं यह भी निवेदन कर दूं- अगर कोई गरीब प्रेजिडेन्ट बन जाय तो उस को दुतकारना नहीं चाहिये, उस की इज्जत करनी चाहिये। आज आप का देवास का कारखाना कितनी अच्छी तरह से चल रहा है बहुत से लेबर लीडर्स वहा जा कर तूफान मचाते है, लोगो को भडकाते है, लेकिन वहां के कांग्रेस मैन, वहा के एम० एल० ए० वहां के मजदूर आप के साथ हैं-इस पर आपको ध्यान देना चाहिये। मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि आप के नासिक के कारखाने मे, होशंगाबाद के कारखाने मे, हैदराबाद के कारखाने मे, कलकत्ता के कारखाने मे- ये सब आप की नोट छापने की और अन्य टकसाले हैं- इन में एकसी नीति होनी चाहिये।

सब में इंसेंटिव दिया जाता है फिर देवास में श्रमिको को क्यों नहीं दिया जाता है? आप विचार करे कि जो होशंगाबाद, हैदराबाद, नासिक, कलकत्ता और बम्बई मे देते है, जो नीति आप वहां के लिये अपनाते है यही नीति देवास में भी अगर आप अपनायेंगे तो आप का प्रोडक्शन और भी अधिक बढेगा, औद्योगिक शांति रहेगी इस नीति से देश के सारे मजदूरों का आप को साथ मिलेगा, हमारी इकोनामी सुधरेगी और श्रीमत इन्दिरा गांधी के हाथ मजबूत होंगे।

श्री नागेश्वर द्विवेदी (मछली शहर) : सभापति जी, मै प्रस्तुत विधेयक का समर्थन कर रहा हूं। वित्त मंत्री जी ने बजट प्रस्तुत करते समय कर निर्धारण की जो नीति घोषित की है उस का सारे देश ने स्वागत किया है कि उस का बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा है। और हम इस को इस रूप मे देख सकते है कि पहली बार बजट प्रस्तुत करने के बाद किसी भी चीज का मल्य नहीं बढा है। इस तरह से जो नई नीति निर्धारित की गई है उस का एक अच्छा प्रभाव पडा है, सभी लोगों ने इस का स्वागत किया है। प्रधान मंत्री द्वारा घोषित 20 सूत्री कार्यक्रम से एक आशा का सचार हुआ है और एक बुनियादी सिद्धान्त अपनाया गया है प्रशासन और राज्य के क्षेत्र मे।

अब तक हमारे देश मे कर-निर्धारण की जो पद्धति चालू है वह आम तौर से पाश्चात्य अर्थशास्त्रियों के दृष्टिकोण से है। हमारे देश में अंग्रेजी शासन मे जिस तरह से कर निर्धारण किया जाता था उस का लक्ष्य यह दिखलाई पड़ता था कि शासित देशों को शासक साम्राज्यवादी देश अपना चरागाह समझते थे और यहां की सम्पत्ति लूट कर अपने देश को आबाद करते थे। इस का परिणाम यह हुआ कि हमारा देश जो सोने की चिडिया कहलाता था वह देश दुनियां का सब से बडा दरिद्र देश हो गया। उन लोगों के सामने इस देश की जनता का सुख, समृद्धि, विकास और आराम की कोई बात ध्यान में

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

नहीं थी। स्वतंत्रता के बाद जो नीतियां चल रही थी, जो नीतियां कर निर्धारण की थी करीब करीब हमने उसी ढर्रे को अपना रखा था जिस का परिणाम यह हुआ कि हम इस दिशा में अधिक प्रगति नहीं कर सके। अंग्रेजों की सामन्तवादी प्रथा, राजे, महाराजे, जमींदार और इस तरह से जो पद्धति थी, जो जड़ें बनाये थे, वह लूट खसोट कर रहे थे। उद्योगों में क्रान्ती के बाद बड़े बड़े उद्योगपति हुए वह मजदूरों की कमाई को लूट कर सम्पति संग्रह का प्रयत्न करते रहे। एक कलकारखाने वाला दूसरा कल कारखाना बनाने की नीति अपनाता रहा। परिणाम हुआ देश में आर्थिक विषमता बहुत व्याप्त हो गई। कुछ मुट्ठी भर लोग धनी हुए और आम जनता गरीब हुई।

स्वाधीनता के बाद इस दिशा में जो थोड़ा सा परिणाम हुआ वह यह कि देश की आर्थिक स्थिति कुछ सुधरी, सामान्य लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया, लेकिन जो मुट्ठी भर लोग थे वह अधिक सम्पन्न हो गये जिस को ले कर देश में असंतोष हुआ। इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों से कदम उठाये गये थे जिन के द्वारा जमींदारों उन्मूलन हुआ, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजाओं के प्रिवी पर्स बन्द करना आदि उस दिशा में ठोस कदम थे जिस का प्रभाव पड़ा देश के उन स्वार्थी तत्वों पर जिन्हों ने पिछले तीन, चार साल से देश में एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी थी कि लगता था कि सरकार की गाड़ी नहीं चलने पायेगी। हमें इस बात का गर्व है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी जैसी प्रधान मंत्री मिली, उनका कुशल नेतृत्व मिला जिन्हों ने दृढ़ता के साथ कदम उठा कर, बिना विरोधियों की परवाह किए हुए उन्हों ने जो कदम उठाया उस का इस तरह का व्यापक प्रभाव पड़ा कि देश ने एक नया मोड़ लिया है।

इस साल का जो बजट पेश किया गया है, वह उस का एक नमूना है। इस तरह का स्वागत पहले कभी बजट पर नहीं हुआ था और न केवल जानकर बल्कि सर्वसाधारण के ऊपर भी इस का प्रभाव पड़ा है, जो हम लोगों को देखने में आया है।

हमारे देश में शासन की जो पद्धति थी, वह बहुत पुरानी थी और कर निर्धारण की भी पुरानी पद्धति है। शासन का, राज्य का यह काम है कि जैसे सूरज सारे विश्व से अपनी किरणों के द्वारा पानी खींचता है और भाप के रूप में उस को ऊपर ले जा कर बादल बना कर जगह जगह बरसाता है, उसी तरह शासन जनता से कर ले कर उस का समुचित वितरण करे जिस से सारे देश में, समाज में समानता पैदा हो और सब लोगों को समान रूप से लाभ मिले। यह जो नीति है जिस का चाणक्य (कौटिल्य) ने अपने अर्थशास्त्र में प्रतिपादित किया है और अच्छे ढंग से किया है, जिस की तरफ हमारे देश के लोगों का ध्यान नहीं जाता, जो कि हम को पढाया नहीं जाता और बताया नहीं जाता, उस को अच्छी तरह से प्रतिपादित करना चाहिए। मैं तो यह कहूंगा कि पाश्चात्य के अर्थशास्त्री भी उस नीति को अपना सकते हैं, समझ सकते हैं और लाभ भी उठा सकते हैं। वास्तव में वह नीति ऐसी है जो कि किसी एक देश के लिए नहीं है बल्कि दुनियां के हर देश के लिए है और सारे विश्व में अगर उस को अपनाया जाए, तो वास्तव में उस से समाजवाद का सच्चा खाका उपस्थित हो सकता है और शासन का उद्देश्य सिद्ध हो सकता है।

हमारे देश की प्राचीन नीति में संग्रह को पाप माना गया था लेकिन आज यह है कि बैंकों में रुपया इकट्ठा करने की, संग्रह करने की प्रवृत्ति पैदा हो गई है और उस की देख रेख का कोई उपाय नहीं है। बड़े लोगों की जो सहायता करने वाले है, मदद करने वाले है, वे कर की चोरी करने वालों की पैरवी कर के उन्हे बचाते हैं और वे स्वयं भी अपनी सही आमदनी नहीं बताते है और खुद कर की चोरी करते हैं। इन को पकड़ने के लिए और इन से समुचित रूप

से कर वसूल करने के लिए कोई रास्ता नहीं अपनाया गया है और इन से प्रोत्साहन पा कर दूसरे लोग भी कर की चोरी करने लग जाते हैं। इस तरह से देखते देखते छोटी सी सम्पत्ति वाले, साधन वाले करोड़पति और लखपति बन जाते हैं। उन की आमदनी की कोई जांच पड़ताल नहीं करता है। जो श्रम करता है, जो कठिन परिश्रम करता है चाहे वह खेत में काम करने वाला किसान हो और चाहे मिल में काम करने वाला मजदूर हो, वह इतने दिनों तक परिश्रम करने के बाद भी सम्पन्न नहीं हो पाता। दूसरी तरफ हम देखते हैं कि कुछ लोग ऐसे हथकंडे अपनाते हैं कि देखते देखते वैभवशाली हो जाते हैं, करोड़पति और लखपति बन जाते हैं। उन की जांच पड़ताल का सरकार को कोई तरीका निकालना चाहिए और यह देखना चाहिए कि इस तरह के काम में वे सफल न हो सकें।

सरकार की जो कर निर्धारण की नीति है, उस में आजकल एक दोष और दिखलाई पड़ता है। सरकार जो कर इकट्ठा करती है, सरकारी प्रशासन में रहने वाले लोग समझते हैं कि इस का लाभ हमें ही मिलना चाहिए। इस चीज पर रोक लगनी चाहिए।

ओवरटाइम देने पर कुछ रुकावट डाली गई है लेकिन इस मामले में और कड़ाई बर्तनी चाहिए और अगर काम ज्यादा है तो उन लोगों को ओवरटाइम न दे कर दूसरे को काम देना चाहिए और रोजगार का अवसर देना चाहिए।

आखरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि विज्ञापनों पर बड़ा पैसा खर्च हो जाता है। इन पर भी रोक लगाने का प्रयास करना चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं और वित्त विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा (नवादा) : सभापति महोदय, मैं सदन में प्रस्तुत वित्त विधेयक का हार्दिक समर्थन करते हुए, आदरणीय वित्त मंत्री जी को और इन के सहयोगी राज्य मंत्री और उप मंत्री जी को बधाई देते हुए, यह निवेदन करना चाहता हूं कि—

MR. CHAIRMAN: You may continue your speech on Friday. The House now stands adjourned to meet again on Friday, the 14th May, 1976.

16 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, May 14, 1976/Vaisakha 14, 1898 (Saka)

GMGIPND—L—825LS—2-7-76—978.